संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।



1992 – भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति करते हुए इसरो के नए उपग्रह कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया।

पूर्णिया , सोमवार 6 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 359

# पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री ने घुसपैठ, कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को बताया समस्या, बोले-परिवर्तन तय

**नई दिल्ली/कूचबिहार,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है और जनता विकास व सुशासन के पक्ष में खड़ी है। **घुसपैठ और वोट बैंक की राजनीति पर हमला:** प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अवैध घुसपैठ गंभीर समस्या बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल घुसपैठियों को संरक्षण



देकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जिससे सामाजिक संतुलन और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार इस पर सख्ती से कार्रवाई कर रही है। **कानून-व्यवस्था पर सवाल, 'जंगलराज' की स्थिति** कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने मालदा की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में "जंगलराज" जैसी स्थिति

**01: किसानों को उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने की बात कही**

**02: महिलाओं के सशक्तिकरण को सरकार की प्राथमिकता बताया**

**03: सिंडिकेट राज और कटमनी से उद्योग प्रभावित होने का आरोप**

**04: मतदाताओं से बिना डर और दबाव के मतदान की अपील**



**किसानों को नहीं मिल रहा उचित मूल्य:** प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण खासकर आलू उत्पादक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनने पर कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा।



**महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर:** महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि देश में करोड़ों महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया गया है और संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की दिशा में काम जारी है।

बन गई है और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है। **भ्रष्टाचार और सिंडिकेट राज से उद्योग प्रभावित:** प्रधानमंत्री ने तृणमूल सरकार पर सिंडिकेट राज, कटमनी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके कारण उद्योग बंद हो रहे हैं, रोजगार के अवसर घट रहे हैं और युवाओं को पलायन करना पड़ रहा है। **युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप:** शिक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का भरोसा टूटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता से जुड़े लोगों की संलिप्तता के कारण व्यवस्था कमजोर हुई है। **मतदाताओं से अपील: बिना डर करें मतदान:** अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से अपील की कि वे बिना किसी डर या दबाव के मतदान करें और राज्य के विकास, सुरक्षा, किसानों और महिलाओं के हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लें। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में नई सरकार बनेगी और परिवर्तन निश्चित होगा।

## आचार संहिता लागू होने के बाद से पांच राज्यों में 651.51 करोड़ की नकदी जब्त : चुनाव आयोग

**5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा सर्विलांस टीमें तैनात**

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारतीय निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के मद्देनज़र लागू आदर्श आचार संहिता के तहत सख्ती बढ़ाते हुए अब तक 651.51 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी और अवैध सामग्री जब्त की है। आयोग ने कहा कि यह कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। **व्यापक निगरानी व्यवस्था लागू** आयोग के अनुसार चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी तैयारियों के




बीच कड़ी निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड और 5,200 से ज्यादा स्टैटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गई हैं, जो लगातार जांच और नाकाबंदी अभियान चला रही हैं। **ईएसएमएस से निगरानी तेज** इलेक्ट्रॉनिक सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के जरिए 26 फरवरी से अब तक जब्ती की विस्तृत जानकारी दर्ज की गई है। इसमें 53.2 करोड़ रुपये नकद, 79.3 करोड़ रुपये की शराब, 230 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 58 करोड़ रुपये की कीमती धातु और 231.01 करोड़ रुपये के मुफ्त उपहार शामिल हैं। **राज्यवार जब्ती के आंकड़े** राज्यवार आंकड़ों में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 319 करोड़ रुपये की जब्ती हुई है। इसके बाद तमिलनाडु (170 करोड़), असम (97 करोड़), केरल (58 करोड़) और पुडुचेरी (7 करोड़) का स्थान है।

**शिकायत के लिए 'सी-विजिल' ऐप:** आयोग ने नागरिकों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर शिकायत निवारण समितियां गठित की हैं। साथ ही लोगों और राजनीतिक दलों से 'सी-विजिल' ऐप के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग 95 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली,** (हि.स.) पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को देशभर में 51 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया गया। वहीं, ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग में 95 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। **आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता और सुधार:** एलपीजी वितरण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड का दायरा फरवरी के



**ऊर्जा सुरक्षा पर मिशन मोड में काम:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड में काम शुरू किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय से लेकर विदेश मंत्रालय तक सभी विभाग आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में जुटे हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

53 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे उपभोक्ताओं को समय पर और सही आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। **पीएनजी नेटवर्क विस्तार को बढ़ावा:** एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए पीएनजी नेटवर्क का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मार्च से अब तक 3.6 लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं। स्कूलों, हॉस्टलों और सामुदायिक रसोई को पांच दिनों के भीतर पीएनजी से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। **भारतीय नागरिक और समुद्री सुरक्षा पर नजर:** सरकार ने बताया कि पश्चिमी फारस की खाड़ी में मौजूद 460 भारतीय नाविक और 17 जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं। विदेश मंत्रालय खाड़ी देशों के संपर्क में है, जबकि 28 फरवरी से अब तक 7 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। राज्यों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत निगरानी और अफवाहों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### होर्मुज जलडमरूमध्य पर ओमान-ईरान वार्ता, जहाजों की आवाजाही और नियंत्रण पर चर्चा

**मस्कट/तेहरान,** (हि.स.)। होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ओमान और ईरान के बीच महत्वपूर्ण वार्ता हुई। बैठक में जहाजों की आवाजाही, समुद्री सुरक्षा और संभावित नियंत्रण व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।

ओमान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, विशेषज्ञों और वरिष्ठ अधिकारियों ने कई प्रस्ताव रखे, जिन पर आगे विचार किया जाएगा। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्रीय तनाव के कारण यह जलमार्ग वैश्विक चिंता का केंद्र बना हुआ है। भौगोलिक रूप से



जलडमरूमध्य का उत्तरी भाग ईरान और दक्षिणी हिस्सा ओमान के नियंत्रण में है, जिससे दोनों देशों की भूमिका अहम हो जाती है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से को वहन करता है।

हालिया तनाव के बीच ईरान ने आवाजाही सीमित की थी, लेकिन अब कुछ तेल टैंकरों की आवाजाही फिर शुरू होने के संकेत मिले हैं।

## भारत-पाकिस्तान सीमा के पास डेनमार्क का युवक गिरफतार, जांच एजेंसियां सक्रिय

**बीकानेर,** (हि.स.)। भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खाजूवाला क्षेत्र में एक डेनमार्क निवासी युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए पुलिस ने हिरासत में लिया है। युवक करीब सात महीने पहले एक साल के टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। **संदिग्ध गतिविधि पर स्थानीय लोगों की नजर:** खाजूवाला बाजार के हॉस्पिटल रोड पर स्थानीय लोगों ने विदेशी युवक को संदिग्ध हालत में घूमते देखा। सीमावर्ती क्षेत्र में विदेशी नागरिकों की आवाजाही सामान्य नहीं होने के कारण तुरंत



पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई किशन सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने युवक को हिरासत में लिया। **पूछताछ में उलझे जवाब, भावुक हुआ युवक:** थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत के अनुसार, युवक ने शुरुआती पूछताछ में खुद को डेनमार्क का बताया और अंग्रेजी में जवाब दिए, लेकिन बाद में चुप हो गया। थाने लाने पर वह भावुक होकर रोने लगा, जिससे मामला और गंभीर हो गया। **बिना अनुमति सीमा क्षेत्र में पहुंचा:** जांच में युवक के पास वैध पासपोर्ट और वीजा मिला, लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र में प्रवेश के लिए आवश्यक विशेष अनुमति नहीं थी। सुरक्षा एजेंसियां मामले की गहन जांच कर रही हैं और युवक को बीकानेर के जॉइंट इंटरोगेशन सेंटर भेजा गया है।

## मुख्यमंत्री के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई, एक दिन जनता से मांगेंगे माफी : राहुल गांधी

**बिश्वनाथ,** (हि.स.)। बिश्वनाथ (असम) में आयोजित जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कई बड़े राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को उठाते हुए भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। **मुख्यमंत्री पर कार्रवाई की चेतावनी:** राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने दावा किया कि एक दिन ऐसा आएगा जब मुख्यमंत्री को असम की जनता से माफी मांगनी पड़ेगी। **असम की जमीन और संसाधनों पर सवाल:** उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि असम को एटीएम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य की जमीन बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है, जबकि इसका हक यहां के किसानों और स्थानीय लोगों का है।

**वादों और योजनाओं का जिक्र**
राहुल गांधी ने भाजपा पर छह समुदायों को एसटी दर्जा देने का वादा पूरा न करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने महिलाओं को आर्थिक सहायता, छोटे व्यवसायों को 50 हजार रुपये और 25 लाख तक स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया।

## देश के बंदरगाहों ने रचा इतिहास, 915.17 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग के साथ निर्धारित लक्ष्य को किया पार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने 915.17 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह पिछले वर्ष के 854.86 मिलियन टन की तुलना में 7.06 प्रतिशत अधिक है और सरकार द्वारा निर्धारित 904 मिलियन टन के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया है।



**बढ़ी क्षमता और दक्षता का परिणाम:** यह उपलब्धि बंदरगाहों की बढ़ती क्षमता, परिचालन दक्षता और आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास का परिणाम मानी जा रही है। बेहतर लॉजिस्टिक्स और तकनीकी सुधारों ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। **सरकार की नीतियों का असर** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, पोर्ट-आधारित विकास नीति, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और डिजिटल पहलों के कारण यह सफलता संभव हुई है। **शीर्ष बंदरगाहों का प्रदर्शन** आंकड़ों के अनुसार, दीनदयाल उपाध्याय बंदरगाह 160.11 मिलियन टन के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद पारादीप और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण का स्थान रहा।

**अन्य बंदरगाहों का योगदान**
विशाखापट्टनम, मुंबई, चेन्नई और न्यू मंगलौर बंदरगाहों ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। कोलकाता बंदरगाह का कुल कार्गो 70.87 मिलियन टन रहा।

**वृद्धि दर में भी तेजी:**
मोरमुगाओ बंदरगाह ने 15.91 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा कई अन्य बंदरगाहों में भी दो अंकों की वृद्धि देखी गई, जो क्षेत्र के समग्र विकास को दर्शाती है।

## कांग्रेस का हिमंता की पत्नी पर तीन देशों के पासपोर्ट रखने और विदेशों में संपत्ति छिपाने का आरोप

**नई दिल्ली,** (हि.स.) असम विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी नेता पवन खेड़ा ने दावा किया कि उनके पास तीन देशों के पासपोर्ट हैं और विदेशों में संपत्तियां भी हैं। **विदेशी पासपोर्ट पर सवाल** खेड़ा के अनुसार रिंकी सरमा के पास यूएई, एंटीगुआ-बारबुडा और मिस्त्र के पासपोर्ट हैं। उन्होंने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति



नहीं है, ऐसे में यह मामला गंभीर जांच का विषय है। **संपत्ति छिपाने का आरोप** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि दुबई में मौजूद दो संपत्तियों का उल्लेख चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। जबकि उम्मीदवारों के लिए परिवार की संपत्तियों का खुलासा अनिवार्य होता है। **जांच की मांग तेज** खेड़ा ने अमित शाह से एसआईटी जांच की मांग की है और चुनाव आयोग से भी इस मामले में संज्ञान लेने की अपील की है।

# वाल्मीकिनगर में विकास योजनाओं की सौगात, पर्यटन और सिंचाई को मिलेगा बढ़ावा

## » दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश | » ईको पर्यटन केन्द्र-वाल्मीकिनगर और गिद्ध संरक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**पटना,** (हि.स.) – जिले के वाल्मीकिनगर में आज विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस दौरान कई निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण भी किया गया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।





**सिंचाई सुविधा को लेकर विशेष निर्देश:** दोन नहर शाखा सेवा पथ के पुनर्स्थापन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा मिल सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में भी वृद्धि की उम्मीद है। अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया।

**ईको पर्यटन को मिला नया आयाम:** वाल्मीकिनगर को ईको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में कई पहल की गई हैं। इसी क्रम में ईको पर्यटन केन्द्र-वाल्मीकिनगर का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही गिद्ध संरक्षण केन्द्र, गोनौली एवं चिउटाहां का भी उद्घाटन कर जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया।

**जंगल सफारी की शुरुआत** पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहल न केवल पर्यटकों को वन्य जीवन के करीब लाएगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी। प्रशासन का मानना है कि इससे पर्यटन गतिविधियों में तेजी आएगी।

**पर्यटन सुविधाओं में हो रहा विस्तार:** वाल्मीकिनगर में पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। बेहतर सड़क, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास से यह क्षेत्र जल्द ही एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभरेगा। प्रशासन ने भरोसा जताया कि इन योजनाओं से क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी।

# बाबू जगजीवन राम जयंती पर श्रद्धांजलि, राजकीय समारोह में पुष्प अर्पित कर किया नमन



**पटना,** (हि.स.) पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व० जगजीवन राम जी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को नमन किया। जगजीवन राम जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे दलित समाज के उत्थान के लिए निरंतर संघर्षरत रहे और समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण तक, उन्होंने हर मोर्चे पर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# लखीसराय में जन कल्याण संवाद: समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

**पटना,** (हि.स.) लखीसराय विधानसभा प्रधान कार्यालय में आयोजित जन कल्याण संवाद कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को विस्तार से रखा। जनप्रतिनिधि ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।





**विभागीय अधिकारियों को दिए गए स्पष्ट निर्देश:** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि वे प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। विशेष रूप से राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पेयजल से जुड़ी समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि वे जनहित के मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

**समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर जोर:** जन कल्याण संवाद के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि सभी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा के भीतर किया जाए। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय करते हुए नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था करने को कहा गया। साथ ही, लंबित मामलों की समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**जनता के प्रति संवेदनशील प्रशासन का संदेश:** इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन का स्पष्ट संदेश दिया गया। लोगों ने भी अपनी समस्याओं को सीधे मंच पर रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। जनप्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद बना रहे और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके।

# पटना में महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह में शामिल हुए सम्राट चौधरी





**पटना,** (हि.स.) पटना के बापू टावर में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस, बिहार द्वारा आयोजित महादेवी वर्मा स्मृति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, साहित्यकार और समाजसेवी उपस्थित रहे।

**सम्राट चौधरी का प्रेरक संबोधन:** समारोह में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में महादेवी वर्मा के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन और विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

**विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान** कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट महानुभावों को सम्मानित किया गया। सम्राट चौधरी ने सभी सम्मानित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके कार्यों की पहचान है और इससे अन्य लोगों को भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

**एकता और प्रगति का संदेश** अपने संबोधन में उन्होंने समाज की एकता, सम्मान और सामूहिक प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं और समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन आपसी सहयोग और एकजुटता के संदेश के साथ हुआ।

# बिहार की राजग सरकार विकास के सभी मानकों पर सबसे नीचे है : तेजस्वी यादव

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि बीते 21 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दौरान बिहार विकास के लगभग सभी प्रमुख संकेतकों में देश में सबसे नीचे बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि



राज्य साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश, उपभोग और बिजली खपत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ है।

तेजस्वी ने कहा कि दूसरी ओर अपराध, गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार जैसे मामलों में बिहार शीर्ष स्थान पर बना हुआ है, जो सरकार की नीतिगत विफलता को दर्शाता है।

तेजस्वी यादव ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की स्थिति पर भी गंभीर बताते हुए कहा कि राज्य में स्कूल ड्रॉपआउट रेट अधिक है और पुपिल-टीचर अनुपात असंतुलित है। इसके साथ ही उन्होंने कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि राज्य में डॉक्टरों के लगभग 58 प्रतिशत पद खाली हैं, जिससे आम जनता को पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए चुनाव के दौरान झूठे वादे करती है और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करती है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्रियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वे बिहार के विकास के मुद्दे पर कहीं भी सार्वजनिक बहस के लिए तैयार हैं।

तेजस्वी यादव के बयान का कांग्रेस ने भी समर्थन किया है। पार्टी प्रवक्ता स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि नीतीश कुमार पिछले लगभग 20 वर्षों से भाजपा के साथ मिलकर राज्य में सरकार चला रहे हैं और पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भी उनकी (राजग) सरकार रही है। इसके बावजूद बिहार का पिछड़ापन दूर नहीं हो पाया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और केवल चुनावी रैलियों में बयानबाजी करने के बजाय विकास पर ध्यान देना चाहिए।

# बेटियों के साथ दरिंदगी पर रोहिणी आचार्य का हमला, नीतीश सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप

**पटना,** (हि.स.)

■ **कहा—"बेटियों के साथ अपराध रोज हो रहे, सरकार को फर्क नहीं पड़ता"**

■ **आरोप—मां-बहनों और बच्चियों की चीखें सत्ता तक नहीं पहुंच रहीं**

■ **दुष्कर्म मामलों पर सरकार और जिम्मेदार नेताओं की चुप्पी पर सवाल**

बिहार में महिलाओं और मासूम बच्चियों के साथ बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता



रोहिणी आचार्य ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सरकार संवेदनहीन बन चुकी है।

रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बिहार में शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता है जब बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने न आती हो। इसके बावजूद सरकार के रवैये में कोई बदलाव नहीं दिखता। उन्होंने कहा कि मां-बहनों और मासूम बच्चियों की चीखें न तो मुख्यमंत्री और न ही प्रशासनिक अधिकारियों को सुनाई देती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि बलात्कार जैसे गंभीर मामलों पर सरकार के जिम्मेदार लोग अक्सर चुप्पी साध लेते हैं। इससे पीड़ित परिवारों का भरोसा कमजोर होता है और न्याय की उम्मीद धूमिल पड़ जाती है। रोहिणी ने आरोप लगाया कि कई मामलों में जांच के नाम पर पीड़ित परिवारों को ही परेशान किया जाता है और सच्चाई को दबाने की कोशिश होती है।

इसी बीच, पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में तीन साल की बच्ची के साथ हुई दरिंदगी की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश है और लोग दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पटना में एलपीजी को लेकर राहत, हर दिन 35–40 हजार सिलेंडर की आपूर्ति

**पटना,** (हि.स.)

**अब तक कुल 12,81,817 एलपीजी बुकिंग दर्ज**

-------------

**प्रतिदिन औसतन 30–35 हजार बुकिंग हो रही है**

-------------

**जिले में कुल 136 गैस एजेंसियां कार्यरत**

-------------

पटना में एलपीजी की किल्लत को लेकर पिछले दिनों बनी अफरातफरी अब धीरे-धीरे खत्म होती दिख रही है। जिला प्रशासन के



अनुसार अब तक कुल 12,81,817 एलपीजी बुकिंग दर्ज की गई है। प्रतिदिन औसतन 30 से 35 हजार बुकिंग हो रही है, जबकि 35 से 40 हजार सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। इससे साफ है कि मांग के मुकाबले आपूर्ति बेहतर स्थिति में है और उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है।

**: डीएम ने कहा—कमी नहीं, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य** पटना के जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने बताया कि जिले में 136 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और कुल 16,65,360 उपभोक्ताओं को नियमित गैस उपलब्ध कराई जा रही है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक असर जरूर पड़ा है, लेकिन स्थानीय स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं, जिससे आपूर्ति बाधित नहीं हुई है।

**कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त:** प्रशासन ने यह भी स्वीकार किया कि कुछ लोग कालाबाजारी की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन ऐसे तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सरकार के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे।

**पैनिक बुकिंग से बचने की अपील:** डीएम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराकर बार-बार बुकिंग न करें और गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि घर बैठे ही एलपीजी रिफिल बुकिंग करें, क्योंकि तेल विपणन कंपनियां सिलेंडर सीधे घर तक पहुंचा रही हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर 0612-2219810 जारी किया है, जहां से लोगों को त्वरित सहायता मिल रही है।

# बिहार में 'टाइम ऑफ डे टैरिफ' लागू : सस्ती बिजली के साथ बचत का नया रास्ता

## दिन के 8 घंटे मिलेगी 20% तक सस्ती बिजली, पीक आवर्स में संयम से खर्च करने की अपील

**न्यूज स्केल पूर्णिया -**

बिहार में अब बिजली उपभोक्ताओं के लिए खर्च बचाने का तरीका बदलने जा रहा है। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड ने 'टाइम ऑफ डे (ToD) टैरिफ' व्यवस्था लागू कर दी है, जिसके तहत दिन में बिजली सस्ती और शाम के पीक समय में महंगी मिलेगी। इस नई व्यवस्था का मकसद न सिर्फ बिजली की बढ़ती मांग को संतुलित करना है, बल्कि उपभोक्ताओं को अपने उपयोग के समय में बदलाव कर बचत के लिए प्रेरित करना भी है।



सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 'ऑफ-पीक' अवधि में बिजली लगभग 20% सस्ती मिलेगी।

शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक 'पीक आवर्स' में बिजली करीब 10% महंगी होगी।

**छोटी सी आदत से बड़ी बचत संभव** | : इस नई टैरिफ प्रणाली का सबसे बड़ा फायदा उपभोक्ताओं की आदत में बदलाव से जुड़ा है। यदि उपभोक्ता अपने रोजमर्रा के काम जैसे वॉशिंग मशीन चलाना, पानी की मोटर चलाना या अन्य भारी उपकरणों का उपयोग दिन के ऑफ-पीक समय में करते हैं, तो उन्हें सीधे बिजली बिल में राहत मिलेगी। उदाहरण के तौर पर, सिर्फ 2 यूनिट खपत को पीक समय से हटाकर ऑफ-पीक समय में करने पर रोज करीब 2.96 रुपये और महीने में लगभग 89 रुपये तक की बचत संभव है।

**जागरूकता पर जोर, विभाग चला रहा अभियान** : ऊर्जा विभाग इस नई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि वे शाम के पीक समय में अनावश्यक बिजली उपयोग से बचें और ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करें। अधिकारियों का कहना है कि यदि उपभोक्ता सहयोग करते हैं तो यह व्यवस्था न केवल उनके बिल को कम करेगी, बल्कि राज्य की बिजली आपूर्ति प्रणाली को भी अधिक संतुलित और मजबूत बनाएगी।

**दिन और शाम के हिसाब से तय हुई नई दरें :**
नई व्यवस्था के अनुसार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक 'ऑफ-पीक' समय रहेगा, जिसमें बिजली की दरें सामान्य से करीब 20 प्रतिशत कम होंगी। यानी इस अवधि में बिजली का उपयोग करना उपभोक्ताओं के लिए अधिक फायदेमंद होगा। वहीं शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक 'पीक आवर्स' में बिजली की दरें लगभग 10 प्रतिशत अधिक रहेंगी। इसके बाद रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक बिजली की दरें पहले की तरह सामान्य रहेंगी।

**स्मार्ट मीटर से जुड़े उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ :**
ऊर्जा विभाग ने फिलहाल इस व्यवस्था को स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर लागू किया है। विभाग का मानना है कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और उसी अनुसार अपने खर्च को नियंत्रित कर सकते हैं। आने वाले समय में इस प्रणाली को और अधिक उपभोक्ताओं तक विस्तार देने की योजना है।

# अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत तक : विधायक विजय खेमका ने प्रशिक्षण महाभियान का किया शुभारंभ





**न्यूज स्केल पूर्णिया -**

- **भोगा भटगामा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को दी संगठन सशक्तिकरण व जनसेवा की प्रेरणा**

पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक अंतर्गत भोगा भटगामा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का भव्य शुभारंभ सदर विधायक विजय खेमका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजीव सिंह सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक विजय खेमका ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं पांच निष्ठा के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि यही विचारधारा देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की आधारशिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अंत्योदय—अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना—सरकार की प्राथमिकता है, और इसे संतृप्ति तक ले जाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में विधायक ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की एनडीए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के संकल्प को दोहराते हुए देश को विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य में कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में संजीव सिंह, संजय मिश्रा, विजय राय, अभ्यम लाल, मनोज गोस्वामी, मंगल पोद्दार, अजय सिंह एवं मीणा राजभर सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में ग्रामीण पूरब मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

यह प्रशिक्षण महाभियान न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बना, बल्कि जनसेवा और विकास के प्रति कार्यकर्ताओं के संकल्प को भी नई दिशा देने वाला साबित हुआ।

# शराबबंदी कानून नहीं सामाजिक क्रांति है, इसे जारी रखने की जरूरत : डॉ. अनिल कुमार गुप्ता

**न्यूज स्केल पूर्णिया -**

- **शराबबंदी कानून लागू होने की दशवीं वर्षगांठ पर प्रसिद्ध सर्जन ने रखी राय**



बिहार के इतिहास में आज का दिन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है। आज से ठीक 10 साल पहले, 5 अप्रैल 2016 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के भविष्य को संवारने के लिए सूबे में पूर्ण शराबबंदी करने का ऐतिहासिक फैसला लिया था। आज इस फैसले के एक दशक पूरे होने पर राज्य के सामाजिक और आर्थिक ढांचे में आए बदलावों पर व्यापक चर्चा हो रही है। इसी कड़ी में शहर के प्रसिद्ध सर्जन और समाजसेवी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा है कि बिहार में शराबबंदी कानून नहीं बल्कि सामाजिक क्रांति है। आने वाले समय में भी इस कानून को राज्य में लागू रखना चाहिए।

**बदलती आर्थिक तस्वीर और खुशहाली** : शराबबंदी केवल एक नैतिक फैसला नहीं, बल्कि एक आर्थिक सुधार भी साबित हुआ है। इसके कुछ प्रमुख सकारात्मक पहलू भी हैं, उन्होंने कहा कि कम आय वाले परिवारों और दैनिक वेतन भोगी मजदूरों की मेहनत की कमाई, जो पहले शराब में बह जाती थी, अब उनके घर के राशन, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च हो रही है। शराब पर होने वाले फिजूलखर्च में लगाम लगने से गरीब परिवारों की बचत बढ़ी है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। आंकड़ों के अनुसार, नशे में गाड़ी चलाने के मामलों में गिरावट आने से सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों की दर में कमी आई है।

**एक बेहतर भविष्य की नींव**

हालांकि इस कानून के कार्यान्वयन को लेकर समय-समय पर चुनौतियां सामने आती रही हैं, लेकिन इसके पीछे की मंशा और सामाजिक लाभ को नकारा नहीं जा सकता। बिहार के नागरिकों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि शराबबंदी ने न केवल लोगों की सेहत सुधारी है, बल्कि एक सभ्य समाज की नींव भी रखी है।

आज 10 साल पूरे होने पर यह स्पष्ट है कि इस निर्णय ने बिहार के लाखों घरों में खुशहाली का दीया जलाया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का तर्क है कि राज्य के सर्वांगीण विकास और अगली पीढ़ी को सुरक्षित वातावरण देने के लिए शराबबंदी के इस निर्णय को पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ाना चाहिए।

**महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की जीत** : शराबबंदी की पैरोकारी करते हुए कहा कि शराबबंदी का सबसे सकारात्मक और गहरा प्रभाव बिहार की ग्रामीण और शहरी महिलाओं के जीवन पर पड़ा है। विशेषज्ञों और स्वयं सहायता समूहों के अनुसार, इस फैसले ने घरेलू हिंसा की घटनाओं में भारी कमी लाने का काम किया है। शराब के नशे में होने वाले झगड़ों और प्रताड़ना से जूझने वाली महिलाओं के लिए यह कानून एक सुरक्षा कवच बनकर उभरा है। आज बिहार की आधी आबादी इस फैसले को अपनी गरिमा और शांतिपूर्ण जीवन का आधार मानती है।

# जानकीनगर में सीसीडीएसआई व एपीआई ने लगाया टीबी जागरूकता व स्पुटम जांच शिविर

**शिविर में 100 मरीजों को मुफ्त में दिया गया पोषण आहार पैकेट**



**पूर्णिया के डाक्टरों का टीबी को जड़ से उखाड़ फेंकने का ऐलान**



**न्यूज स्केल पूर्णिया -**

क्लिनिकल कार्डियो डायबिटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया( ,सीसीडीएसआई ) पूर्णिया शाखा और एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया ( एपीआई )पूर्णिया चैप्टर के तत्वावधान में जानकीनगर स्थित विजन पब्लिक स्कूल जानकीनगर में क्षय रोग (टीबी) को लेकर एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मरीजों को समुचित इलाज के लिए प्रेरित करना था।

शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान करीब 100 टीबी मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार किट वितरित की गई, जिसमें प्रोटीन युक्त दाल ,राजमा , शुद्ध घी ,चना दाल, सोयाबीन एवं प्रोटीन का पैकेट शामिल था चिकित्सकों ने बताया कि भोजन में समुचित मात्रा में प्रोटीन लेने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ जाती हैं एवं बीमारी से बचने में सहायक होती है

चिकित्सकों ने बताया कि इस शिविर में टीबी के प्रति जागरूकता के साथ साथ जो मरीज दो सप्ताह से अधिक खांसी से परेशानी हैं उनका स्पुटम की जांच भी की जाएगी।इसके अलावा मरीजों को बताया गया कि समय पर जांच और नियमित दवा सेवन से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। साथ ही मरीजों को पौष्टिक आहार लेने और स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि धूम्रपान, गुटखा एवं तंबाकू के सेवन से टीबी का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए इनसे दूरी बनाना जरूरी है। टीबी की रोगी को मास्क भी बांटा गया और उन्हें सलाह दी गई कि वह मास्क पहने ताकि उनके परिवार संक्रांमित न हो सके।इस शिविर में जानकीनगर नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश कुमार पासवान उप मुख्य पार्षद सुनील रजक सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज भुषण अजय यादव शैलेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह, ओम प्रकाश अग्रवाल, दुर्गानंद सिंह आदि उपस्थित थे साथ उनका सभी पार्षदों की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम के अंत में मरीजों के बीच जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

डॉ. देवी राम ने कहा कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन सही समय पर इलाज और नियमित दवा से इसे पूरी तरह खत्म किया जा सकता है।

डॉ. सूजीत कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा टीबी का मुफ्त इलाज उपलब्ध है, मरीज घबराएं नहीं।

एपीआई बिहार चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. आर. के. मोदी ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज में जागरूकता सबसे जरूरी है।

डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में टीबी तेजी से फैलता है।

डॉ. यू. बी. सिंह ने बताया कि टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है और दवा समय पर लेना अनिवार्य है।

एपीआई के पूर्णिया चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने टीबी के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए समय पर पहचान और इलाज पर जोर दिया।

डॉ. एस. पी. सिंह ने कहा कि मरीजों को नियमित दवा के साथ-साथ समय-समय पर जांच कराते रहना चाहिए।

अंत में एपीआई के पूर्णिया चेप्टर के सचिव डॉ. प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि तंबाकू और धूम्रपान से टीबी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।डॉ गौरव सिन्हा ने बताया कि टीबी का दवा समय पर लें डॉ ओमप्रकाश

# नगर निगम में मौलिक सुधार के निर्णय का उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने किया स्वागत

**न्यूज स्केल पूर्णिया -**



नगर विकास एवं आवास मंत्रालय, बिहार सरकार द्वारा नगर निगम व्यवस्था में मौलिक सुधार को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का पूर्णिया नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है। उपमहापौर ने अपने बयान में कहा कि सरकार का यह निर्णय नगर निगम के सुचारू संचालन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से निगम के कार्यों में संतुलन और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने गंभीरता से लेते हुए यह अहम कदम उठाया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस सुधार के लागू होने से निगम के सभी जनप्रतिनिधियों को समान रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे विकास कार्यों में गति आएगी और आम जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही, निगम प्रशासन पहले की अपेक्षा अधिक उत्तरदायी और प्रभावी बनेगा।श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने इस निर्णय के लिए बिहार सरकार, मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करेगा और नगर निगम की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाएगा।अंत में उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सुधार के परिणामस्वरूप नगर निगम में विकास की नई गति आएगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा।

# भट्ठा बाजार हाट में अवैध वसूली पर सख्ती, तय दर से अधिक शुल्क लेने पर होगी कार्रवाई

**न्यूज स्केल पूर्णिया -**



भट्ठा बाजार स्थित हाट में फुटकर दुकानदारों से अधिक शुल्क वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया। महापौर विभा कुमारी को प्राप्त शिकायतों एवं सोशल मीडिया पर उठे मुद्दों के आलोक में रविवार को हाट परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें फुटकर दुकानदारों, विभिन्न वार्डों के पार्षदों, पार्षद प्रतिनिधियों, कांट्रेक्टरों एवं स्थानीय व्यापारियों ने भाग लिया।

बैठक में सभी पक्षों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद यह स्पष्ट कर दिया गया कि नगर निगम द्वारा निर्धारित दर से अधिक किसी भी परिस्थिति में शुल्क वसूली नहीं की जाएगी। तय प्रावधान के अनुसार चट्टी दुकानदारों से 10 रुपये प्रति चट्टी तथा छोटे दुकानदारों से 4 रुपये प्रति स्क्वायर फीट की दर से ही शुल्क लिया जाएगा। प्रशासन ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति निर्धारित दर से अधिक राशि वसूलता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय को मौके पर मौजूद कांट्रेक्टरों एवं दुकानदारों ने स्वीकार करते हुए नियमों का पालन करने का भरोसा दिलाया।

महापौर विभा कुमारी ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदारों के हितों की रक्षा करना निगम की प्राथमिकता है और पारदर्शिता के साथ कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव, वार्ड पार्षद नवल जायसवाल, अंजनी साह, राकेश राय, बौआ पांडे, श्रीप्रसाद महतो, बहादुर यादव, पूर्व वार्ड पार्षद पवन राय, संवेदक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदार मौजूद रहे।

# जगजीवन राम की 119वीं जयंती पर दलित बस्ती में भव्य समारोह

**न्यूज स्केल पूर्णिया -**



कांग्रेस जिला अध्यक्ष (शहरी) कुमार आदित्य के नेतृत्व में वार्ड संख्या 9 स्थित अमीर ऋषि टोला की दलित बस्ती में महान स्वतंत्रता सेनानी जगजीवन राम की 119वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में कांग्रेस अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार, कांग्रेस नेता रघुनंदन शाह, कामेश्वर ऋषि, गणेश घोष, बोधु ऋषि, कर्तिक घोष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष कुमार आदित्य ने अपने संबोधन में जगजीवन बाबू के त्याग, सादगी और 1971 के युद्ध में उनके कुशल नेतृत्व को याद किया।अखिलेश कुमार ने भी उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पूर्णिया में गैस की कोई किल्लत नहीं, 7803 सिलेंडर का वितरण – 19689 स्टॉक सुरक्षित

## जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी, 302 शिकायतों में 286 का निपटारा घबराकर बुकिंग न करने की अपील

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



जिला प्रशासन की सतत निगरानी के बीच पूर्णिया में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। रविवार को जिले भर में कुल 7803 गैस सिलेंडरों का सफलतापूर्वक वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया, जबकि विभिन्न एजेंसियों के पास अभी भी 19689 सिलेंडर पर्याप्त स्टॉक के रूप में सुरक्षित हैं।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**: यदि किसी उपभोक्ता को गैस से संबंधित कोई समस्या होती है, तो वे जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय के नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर—06454-242319, 242317 एवं 242320—पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

समाहरणालय स्थित जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों—पूर्णिया सदर, धमदाहा, बनमनखी एवं बायसी—ने अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित गैस एजेंसियों के कार्यालयों एवं गोदामों का गहन निरीक्षण और निगरानी की। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सभी एजेंसियों द्वारा नियमानुसार होम डिलीवरी के माध्यम से गैस वितरण किया जा रहा है और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध हो रहे हैं।



**ग्रामीण-शहरी आपूर्ति का तय चक्र**: प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का निर्धारित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि करीब 25 दिनों की है। इसी के अनुरूप उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**डिमांड के मुकाबले पर्याप्त आपूर्ति**: अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि रविवार को कुल 8900 उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की मांग दर्ज कराई, जिसके विरुद्ध 7803 से अधिक सिलेंडरों का वितरण किया गया। शेष मांग को भी जल्द पूरा करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह संतुलित है।

**शिकायतों का त्वरित निपटारा**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 से अब तक एलपीजी गैस से संबंधित कुल 302 शिकायतें जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई हैं। इनमें से 286 शिकायतों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष 16 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया है।




**उपभोक्ताओं से अपील**: जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराकर या पैनिक में आकर गैस बुकिंग न कराएं। नियमानुसार बुकिंग करने पर समय पर होम डिलीवरी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, गैस काउंटर या गोदामों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की भी अपील की गई है।

जिला प्रशासन की सक्रियता और निगरानी के चलते पूर्णिया में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। पर्याप्त स्टॉक और व्यवस्थित वितरण व्यवस्था के कारण आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# महाविष्णु यज्ञ की भव्य शुरुआत, आस्था के सैलाब में शामिल हुए पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव

## कलश शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, यज्ञ को बताया संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड के बियारपुर पिपरा गांव में आयोजित पांच दिवसीय महाविष्णु यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस आयोजन में सबसे खास उपस्थिति सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव की रही, जिन्होंने यज्ञ स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं के साथ इस धार्मिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।

**पांच दिनों तक होंगे धार्मिक आयोजन**: 5 से 9 अप्रैल तक चलने वाले इस महायज्ञ में हरिनाम संकीर्तन, रास लीला, जागरण सहित कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



**श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ क्षेत्र**: मां काली स्थान, काली घाट (दीवानगंज) से जल भरकर निकली कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। दीवानगंज काली घाट, त्रिवेणी चौक, दीवानगंज चौक, रौतारा टोल और रौतारा बाजार होते हुए यह शोभायात्रा यज्ञ स्थल पिपरा पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों और जयघोष के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।



**जितेंद्र यादव ने दिया एकता और संस्कृति का संदेश**: इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी जितेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन संस्कृति और परंपराओं को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि महाविष्णु यज्ञ न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ करता है।उन्होंने कामना की कि इस यज्ञ के माध्यम से पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो।

**ग्रामीणों में उत्साह, बेहतर व्यवस्थाएं**: गांव में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**

कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष गौतम मंडल, जिला परिषद सदस्य विवेका यादव, पैक्स अध्यक्ष रूपेश यादव, मुखिया अंगद मंडल, सरपंच शोभे लाल यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि आशीष यादव, पूर्व मुखिया धीरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच तारानंद सिंह, पूर्व मुखिया प्रदीप साह, प्रदीप सहनी, राजनंदन मंडल, अरविंद मंडल, सुरेश मंडल, शंभू चौबे, मुरारी झा, दिलीप चौधरी, नीतू दा सहित हनुमान फाउंडेशन के सदस्य राजा यादव, मिट्ठू कुमार एवं पिपरा युवा एकता संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता के संगम के रूप में महाविष्णु यज्ञ ने पूरे क्षेत्र को एक सूत्र में बांध दिया, जिसमें जितेंद्र यादव की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को विशेष पहचान दी।

## बनमनखी में स्वास्थ्य की बड़ी पहल: एक माह तक मुफ्त नेत्र जांच और चश्मा वितरण शिविर शुरू.




**न्यूज स्केल बनमनखी**

बनमनखी मुख्यालय स्थित बुनियादी केंद्र में 6 अप्रैल 2026, सोमवार से एक माह तक चलने वाला विशेष नेत्र जांच एवं निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर शुरू किया जा रहा है। यह शिविर बुनियाद केंद्र, पूर्णिया के अंतर्गत एक नवाचारी पहल के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य दृष्टि दोष से ग्रसित लोगों की पहचान कर उन्हें समुचित सहायता प्रदान करना है।

इस शिविर में सभी आयु वर्ग के लोग अपनी आंखों की जांच करवा सकते हैं। विशेषज्ञों द्वारा लाभुकों की आंखों की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक बुनियाद केंद्र पर अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इस सुविधा को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए शिविर में पहुंचकर अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं। यह पहल न केवल लोगों की दृष्टि संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायक होगी, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# नगर पंचायत भवानीपुर में गैस आपूर्ति सामान्य, उपभोक्ताओं को समय पर मिल रहे सिलेंडर

**न्यूज स्केल भवानीपुर।**



नगर पंचायत भवानीपुर स्थित मेजर नजरुल एचपी गैस एजेंसी में इन दिनों गैस सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है, जिससे उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। समय पर गैस उपलब्ध होने के कारण लोगों को लंबी प्रतीक्षा और परेशानी से निजात मिल रही है।

एजेंसी के व्यवस्थापक वसीम रजा ने बताया कि बीते शनिवार को 650 और रविवार को 425 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एजेंसी पर गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और नियमित रूप से उपभोक्ताओं को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल से 3 अप्रैल के बीच पूर्णिया माफा से गैस की आपूर्ति नहीं हो पाई थी, जिसके कारण उस अवधि में वितरण प्रभावित रहा। हालांकि अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो चुकी है और आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल है।वसीम रजा ने बताया कि कुछ उपभोक्ता ऐसे भी हैं, जिनके पास वर्षों से गैस कार्ड मौजूद है, लेकिन उन्होंने लंबे समय तक—कभी 3 से 5 वर्ष तक—उस कार्ड से गैस सिलेंडर नहीं लिया। ऐसे लोग अचानक आकर अपने पुराने कार्ड के माध्यम से सिलेंडर लेने लगते हैं, जिससे एजेंसी पर भीड़ बढ़ जाती है और अव्यवस्था की स्थिति बनती है।उन्होंने कहा कि इसी कारण कभी-कभी लोगों के बीच भ्रम की स्थिति और अनावश्यक चर्चाएं भी उत्पन्न हो जाती हैं। एजेंसी प्रबंधन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नियमानुसार और समय पर गैस सिलेंडर प्राप्त करें, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे और सभी को बिना परेशानी के सेवा मिल सके। कुल मिलाकर, वर्तमान में भवानीपुर की गैस आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है और उपभोक्ताओं को बिना किसी कठिनाई के सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गड्ढों में दबी विकास की सड़क: मसुरिया—बुढ़िया मार्ग बदहाल, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**न्यूज स्केल बनमनखी**



बनमनखी प्रखंड के मसुरिया यादव टोला से बुढ़िया जाने वाली मुख्य सड़क इन दिनों भारी बदहाली का शिकार बनी हुई है। पक्की सड़क होने के बावजूद जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों ने इसे पूरी तरह जर्जर और खतरनाक बना दिया है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और आवागमन लगभग ठप पड़ जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में लोग मजबूरी में चप्पल हाथ में लेकर और छोटे बच्चों को गोद में उठाकर इस रास्ते से गुजरते हैं। कई बार फिसलने और दुर्घटनाओं की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे लोगों में डर बना रहता है।

यह सड़क मसुरिया और चम्पानगर को बनमनखी मुख्यालय से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है, लेकिन वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना जोखिम भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। वहीं, चार पहिया वाहनों का परिचालन लगभग असंभव हो गया है। बरसात में सड़क पूरी तरह जलमग्न होकर बंद हो जाती है, जिससे मरीजों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क के जिर्णोद्धार की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और क्षेत्र के विकास को गति मिल सके।

# बरदेला में तीन दिवसीय धर्म महोत्सव का भव्य समापन, वैदिक यज्ञ व प्रवचनों से गूंजा माहौल

**न्यूज स्केल धमदहा**



धमदाहा प्रखंड के बरदेला पंचायत स्थित द्रौपदी चतुर्गुण उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सत्य सनातन वैदिक धर्म महोत्सव एवं चतुर्वेद सतकम् महायज्ञ का रविवार को पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हो गया। यह धार्मिक आयोजन 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक वैशाख कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा, द्वितीया और तृतीया तिथियों में संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर प्रख्यात वैदिक विद्वानों ने धर्म, संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना जैसे विषयों पर सारगर्भित प्रवचन दिए। मुख्य वक्ताओं में डॉ. व्यास नंदन शास्त्री, वैदिक डॉक्टर ब्रह्मदत्त आर्य, आचार्य मीरा शास्त्री, कवित्री अंजू सुमन, पंडित श्यामानंदन शास्त्री और आचार्य वेदवीर शास्त्री शामिल रहे।बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश से पहुंचे विद्वानों ने वैदिक परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लोगों को धर्म और संस्कारों के प्रति जागरूक किया। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम का सफल संचालन चंद्रशेखर सिंह आर्य और जगत लाल आर्य ने किया। आयोजन समिति के विद्याभूषण आर्य, सत्य प्रकाश आर्य, जनार्दन प्रसाद आर्य, हरिनंदन प्रसाद आर्य, रविंद्र कुमार मारकंडे समेत सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका

## केनगर पुलिस की कार्रवाई: शराबी समेत तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**न्यूज स्केल केनगर**

पूर्णिया जिले के केनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर एक शराबी और तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में परोरा पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी 35 वर्षीय सुरेन्द्र महतो शामिल हैं, जिन्हें शराब सेवन के आरोप में पकड़ा गया। इसके अलावा झुन्नी कला पंचायत के वार्ड संख्या 13 निवासी 28 वर्षीय चुनचुन ऋषि, 35 वर्षीय मनोज ऋषि तथा वार्ड संख्या 16 निवासी 60 वर्षीय जामुन ऋषि को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, सभी आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई पूरी कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**न्यूज स्केल रुपौली**



रुपौली (पूर्णिया) के बिरौली बाजार स्थित मंगल चौक के समीप रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। आयोजन के प्रथम दिन 251 कुमारी कन्याओं एवं महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ कलश यात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा ठाकुरबाड़ी से प्रारंभ होकर बिरौली बाजार एवं मीन चौक होते हुए कथा स्थल तक पहुंची, जहां विधिवत कलश स्थापना की गई। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति के सहयोग से निकाली गई इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कथा को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार यह कथा ज्ञान यज्ञ 5 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा प्रवचन होगा। कथा वाचन के लिए स्वामी श्री अशोकानंद जी एवं स्वामी अमृतप्रकाश जी (ऋषिकेश) से पधारे हैं। कथा स्थल पर भव्य पंडाल और आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है।

# अग्निवीर योजना पर पुनर्विचार की मांग, संस्थाओं को कमजोर करना देशहित में नहीं : सांसद पप्पू यादव

न्यूज स्केल पूर्णिया




पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने अग्निवीर योजना को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों में व्यापक चर्चा और सहमति बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि यदि सैनिकों के भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना पैदा होती है, तो उसका सीधा असर सेना के मनोबल पर पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस योजना पर स्पष्ट नीति सामने लाई जाए और जरूरत पड़ने पर इसे उच्च स्तरीय समिति के पास भेजकर विस्तृत समीक्षा कराई जाए।

**पुलवामा हमले का उल्लेख और शहीदों के सम्मान पर जोर:** पप्पू यादव ने पुलवामा हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने कई बहादुर जवानों को खोया, लेकिन उस घटना से जुड़े कई सवाल अब तक अनसुलझे हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान और उनके परिवारों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि शहीद परिवारों को दी जाने वाली सहायता, रोजगार और आर्थिक सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक की जाए, ताकि आम जनता का विश्वास मजबूत हो सके।

**लोकतंत्र, संस्थाओं की स्वतंत्रता और विधेयकों पर सुझाव:** सांसद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और गरिमा बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार नए विधेयकों के माध्यम से संस्थाओं पर दबाव बनाना उचित नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का सम्मान लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित करने के बजाय व्यापक विचार-विमर्श के लिए उच्च स्तरीय समिति के पास भेजा जाए, ताकि संतुलित और सर्वसम्मत निर्णय लिया जा सके।

**सैनिकों के भविष्य और समान अवसर की बात:**

सांसद ने कहा कि देश का हर युवा सेना में सम्मानजनक और स्थायी अवसर चाहता है, ताकि वह अपने परिवार और भविष्य को सुरक्षित रख सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि आर्थिक और सामाजिक असुरक्षा बनी रहती है, तो इसका प्रभाव जवानों के आत्मसम्मान और मनोबल पर पड़ सकता है। साथ ही उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि सेना और अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के जवानों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और सभी के लिए समान सम्मान और सुरक्षा की नीति लागू हो।

# तीन डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक, कालाबाजारी रोकने को सख्त निगरानी; जरूरतमंदों को मिल रही आसान आपूर्ति

न्यूज स्केल बैसा

**बैसा प्रखंड में गैस सिलेंडर की नहीं है कमी : बीडीओ**



**तीन डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक, कालाबाजारी रोकने को सख्त निगरानी; जरूरतमंदों को मिल रही आसान आपूर्ति**

बैसा प्रखंड क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रखंड में कार्यरत सभी गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार नियमित आपूर्ति की जा रही है। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के कुल तीन गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स कार्यरत हैं। सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास घरेलू खपत के अनुरूप पर्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर मौजूद है और कंपनियों द्वारा भी सामान्य रूप से आपूर्ति जारी है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वितरण प्रणाली पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर पर भी गैस आपूर्ति और वितरण की गहन मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और अवैध बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

इसके अलावा, तेल एवं प्राकृतिक गैस से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है, जिससे आमजन अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य पर फोकस, वजन-ऊंचाई मापन अभियान जारी

न्यूज स्केल कसबा



पूर्णिया जिले के कसबा एवं के. नगर प्रखंड के विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर के समग्र आकलन को लेकर वजन एवं ऊंचाई मापन अभियान जोर-शोर से चल रहा है। यह अभियान यूनिसेफ एवं पिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी मध्य विद्यालयों एवं पांच उच्च माध्यमिक विद्यालयों से चयनित नोडल शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर पोषण संबंधी गतिविधियों को अधिक प्रभावी और सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान 'अंकुरण परियोजना' के अंतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका के निर्माण एवं रखरखाव, बच्चों में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने, साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण, गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन सुनिश्चित करने तथा बच्चों के वजन एवं ऊंचाई के वैज्ञानिक तरीके से मापन की विस्तृत जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों के हाइट-वेट का आकलन वर्ष में कम से कम दो बार किया जाना आवश्यक है, ताकि उनके शारीरिक विकास की सही निगरानी की जा सके। पिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक उत्तम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के लिए विद्यालयों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें डिजिटल वजन मशीन, ऊंचाई मापने के चार्ट तथा बीएमआई चार्ट शामिल हैं, जिससे बच्चों के विकास का सटीक मूल्यांकन संभव हो पा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद पहले चरण में सभी विद्यालयों ने सक्रियता से बच्चों के हाइट-वेट का आकलन किया था। अब लगभग छह माह बाद मार्च माह में दूसरे चरण के तहत पुनः बच्चों के वजन एवं ऊंचाई का मापन किया जा रहा है।

इस पहल से न केवल बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी हो रही है, बल्कि समय रहते कुपोषण जैसी समस्याओं की पहचान कर आवश्यक कदम उठाने में भी मदद मिल रही है।

# उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने किया ''होल सेल साड़ी महल'' का भव्य उद्घाटन





न्यूज स्केल पूर्णिया

**मधुबनी बाजार में नए प्रतिष्ठान से व्यापार को मिलेगी रफ्तार, रोजगार के खुलेंगे अवसर**

मधुबनी बाजार में "होल सेल साड़ी महल" का भव्य उद्घाटन नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोगों और व्यवसायियों की अच्छी-खासी उपस्थिति देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठान के संचालक श्री राजेंद्र प्रसाद केशरी की धर्मपत्नी श्रीमती पिंकी देवी ने उपमहापौर का अंगवस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। वहीं, भाजपा नेता श्री अरविंद कुमार उर्फ भोला साह का भी संचालक द्वारा सम्मान किया गया।

उद्घाटन के मौके पर उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने कहा कि मधुबनी बाजार जैसे क्षेत्र में इस तरह के प्रतिष्ठान का संचालन गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि "होल सेल साड़ी महल" पिछले चार पीढ़ियों से लोगों की मांगलिक जरूरतों को पूरा करता आ रहा है, जो इसकी विश्वसनीयता और गुणवत्ता का प्रमाण है।

उन्होंने संचालक राजेंद्र प्रसाद केशरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी व्यवहार कुशलता और मृदुभाषी स्वभाव ने इस प्रतिष्ठान को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उपमहापौर ने यह भी कहा कि इस नए प्रतिष्ठान के खुलने से न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही आम लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण साड़ी, लहंगा एवं अन्य वस्त्र उपलब्ध हो सकेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भी नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संचालकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मधुबनी बाजार के व्यवसायीगण एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

# गढ़बनैली गुदरी बाजार में गंदगी का अंबार, नाक ढककर खरीदारी को मजबूर लोग

न्यूज स्केल कसबा

**वसूली जारी, सफाई नदारद – खुले में बिक रहे मछली-मीट से बढ़ी चिंता**



कचरे से घिरी मछली पट्टी, गुदरी बाजार

कसबा प्रखंड अंतर्गत गढ़बनैली स्थित गुदरी बाजार इन दिनों भारी गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। बाजार के लगभग हर कोने में कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे उठती दुर्गंध के कारण लोगों को नाक ढककर बाजार में प्रवेश करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, आवश्यक सामान खरीदना उनकी मजबूरी बनी हुई है।

बाजार में व्यवसाय करने वाले दुकानदार भी स्थिति से परेशान हैं, लेकिन आजीविका के लिए वे इसी गंदगी के बीच दुकान लगाने को विवश हैं। खासकर सब्जी पट्टी की तुलना में मछली और मीट पट्टी में गंदगी की स्थिति और अधिक गंभीर बताई जा रही है। चारों ओर फैले कचरे और खुले में बिक रहे मांस-मछली से स्वास्थ्य संबंधी खतरे की आशंका बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाजार की देखरेख की जिम्मेदारी पंचायत स्तर पर होने के बावजूद सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। बाजार में प्रतिदिन बैठकी वसूली तो नियमित रूप से की जाती है, लेकिन सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों का कहना है कि वसूली की राशि का एक छोटा हिस्सा भी साफ-सफाई पर खर्च नहीं किया जाता।

सरकार द्वारा मछली एवं मीट को स्वच्छ वातावरण में, ढंककर बेचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खाद्य पदार्थों को गंदगी से बचाया जा सके। इसके बावजूद गुदरी बाजार में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

इस संबंध में कसबा प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

# हिंद खेत मजदूर पंचायत की बैठक संपन्न, श्रमिक हितों को लेकर उठी कई अहम मांगें

न्यूज स्केल पूर्णिया





हिंद खेत मजदूर पंचायत (HKMP) के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संगठन के सचिव मो० सहीम अंसारी ने की। बैठक में पूर्णिया, अररिया, कटिहार एवं किशनगंज जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

अध्यक्षीय संबोधन में मो० सहीम अंसारी ने कहा कि बिहार भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड का पोर्टल पिछले चार महीनों से बंद है, जिससे श्रमिकों में भारी निराशा व्याप्त है। उन्होंने सरकार से मांग की कि पोर्टल को अविलंब चालू किया जाए, ताकि श्रमिकों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में संगठन के उपाध्यक्ष रामनारायण यादव ने श्रमिक कल्याण योजनाओं की राशि में वृद्धि की मांग उठाते हुए कहा कि साइकिल खरीद अनुदान योजना की राशि ₹3500 से बढ़ाकर ₹6000 तथा भवन मरम्मत अनुदान योजना की राशि ₹20000 से बढ़ाकर ₹50000 की जानी चाहिए। वहीं, अनिरुद्ध बाहरदार ने वृद्धा पेंशन को ₹1000 से बढ़ाकर ₹3000 प्रति माह करने की मांग रखी, ताकि बुजुर्ग श्रमिकों को बेहतर आर्थिक सहारा मिल सके।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के संगठक सुदेश शर्मा ने घोषणा की कि आगामी 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पूर्णिया में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा, जिसमें व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर मो० बदरुद्दीन, रुक्मिणी देवी, सुनील कुमार मंडल, मो० तारीख, बिंदु कुमार सिंह, पप्पू पलंबर मिस्त्री, ललिता देवी, सहाना खातून, विनोद राम, प्रकाश राम, दिनेश शर्मा, सुशांत चौधरी, खंतर पासवान, रमेश पासवान, नीतू देवी, प्रमिला देवी, सुरेंद्र पासवान, समीना खातून एवं तंजीला बेगम सहित कई कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक का समापन श्रमिक एकता और अधिकारों की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

# 13 वर्षीय किशोरी का दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला शव आत्महत्या की आशंका , पुलिस जांच में जुटी

न्यूज स्केल हरदा,

**मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा पंचायत में घटना, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया; अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं**

मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा पंचायत अंतर्गत नया टोला ठाढ़ा में शुक्रवार की रात एक 13 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही मरंगा थाना की एसआई सुमन कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान हरदा पंचायत के नया टोला, वार्ड संख्या-13 निवासी स्वर्गीय अरविंद सिंह की पुत्री साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुसार, किशोरी ने रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा, जहां वह दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकी मिली।

पुलिस के अनुसार, अब तक मृतका के परिजनों द्वारा कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने किसी प्रकार के विवाद या तनाव की बात से इनकार किया है।

फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई : पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

न्यूज स्केल पूर्णिया,



। गुलाबबाग टीओपी (सदर थाना) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार (04 अप्रैल) को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने कुल 1131.660 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मो. रियाज (22 वर्ष), निवासी गुलाबबाग जीरोमाइल, पूर्णिया तथा रौशन कुमार गौतम (25 वर्ष), निवासी भटवाड़ा, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार के रूप में हुई है।

पुलिस ने बरामदगी के दौरान पिकअप वाहन के साथ 720 किलोग्राम आलू, दो मोबाइल फोन और नकद 2,770 रुपये भी जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि शराब की खेप को आलू की आड़ में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस की तत्परता की सराहना हो रही है।

# अमौर पुलिस की कार्रवाई, 5 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार



न्यूज स्केल पूर्णिया,

पूर्णिया जिले के अमौर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सुकुल शर्मा (42 वर्ष), निवासी चौका वार्ड संख्या-08 एवं पिंटू शर्मा (38 वर्ष), निवासी फकीर टोली वार्ड संख्या-09 के रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार की सूचना मिलने के बाद छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें यह सफलता हाथ लगी। दोनों अभियुक्तों के कब्जे से बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है। अमौर थाना पुलिस ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा दोनों आरोपियों से पूछताछ कर अवैध कारोबार के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# इतिहास के पन्नों में 06 अप्रैल : भारतीय जनता पार्टी की स्थापना और भारतीय राजनीति का नया अध्याय



## 06 अप्रैल : भाजपा की स्थापना, भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

-------------------

भारतीय लोकतंत्र का इतिहास अनेक उतार-चढ़ाव, वैचारिक संघर्षों और राजनीतिक पुनर्गठन की घटनाओं से भरा हुआ है। इन महत्वपूर्ण तिथियों में 6 अप्रैल का दिन एक विशेष स्थान रखता है। इसी दिन वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थापना हुई, जिसने आने वाले दशकों में भारतीय राजनीति की दिशा और दशा दोनों को गहराई से प्रभावित किया। आज भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक व्यापक संगठनात्मक संरचना और विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है, जिसने देश की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाई है।

## आपातकाल : भारतीय राजनीति का निर्णायक मोड़

भारतीय राजनीति में वर्ष 1975 एक ऐतिहासिक और विवादास्पद दौर लेकर आया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया। इस दौरान नागरिक अधिकारों पर प्रतिबंध लगा, विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया और राजनीतिक गतिविधियों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया गया।
इस घटना ने भारतीय राजनीति को झकझोर कर रख दिया। विभिन्न विपक्षी दलों, जिनमें जनसंघ भी शामिल था, ने इस दमनकारी स्थिति के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष किया। यही वह समय था जब विपक्षी एकता की भावना मजबूत हुई।

**कुमार मयंक की रिपोर्ट**

## जनसंघ से भाजपा तक वैचारिक यात्रा की शुरुआत



भाजपा की जड़ें सीधे तौर पर भारतीय जनसंघ से जुड़ी हुई हैं। जनसंघ की स्थापना वर्ष 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। यह वह समय था जब स्वतंत्रता के बाद भारत में कांग्रेस का वर्चस्व था और वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा के लिए सीमित स्थान था। ऐसे में जनसंघ ने राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और एक मजबूत केंद्र की अवधारणा को सामने रखा।
जनसंघ ने धीरे-धीरे अपनी पहचान बनाई और विभिन्न चुनावों में भाग लेते हुए अपने समर्थकों का आधार बढ़ाया। हालांकि वह कभी केंद्र की सत्ता में नहीं आ सका, लेकिन उसने एक वैचारिक धारा तैयार की, जिसने आगे चलकर भाजपा के गठन की नींव रखी।

## जनता पार्टी का गठन और सत्ता परिवर्तन

आपातकाल की समाप्ति के बाद 1977 में हुए आम चुनावों में कांग्रेस को भारी पराजय का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में जनसंघ, सोशलिस्ट पार्टियों और अन्य दलों ने मिलकर जनता पार्टी का गठन किया।
जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की और पहली बार केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा बदलाव था, क्योंकि इससे यह साबित हुआ कि देश में सत्ता परिवर्तन संभव है और लोकतंत्र जीवंत है।
हालांकि, जनता पार्टी के भीतर वैचारिक मतभेद और नेतृत्व संघर्ष जल्द ही सामने आने लगे। जनसंघ से आए नेताओं और अन्य घटकों के बीच तालमेल की कमी ने पार्टी की स्थिरता को कमजोर किया।

## 1980 : भाजपा का जन्म

जनता पार्टी के विघटन के बाद, 6 अप्रैल 1980 को एक नए राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। यह केवल एक संगठनात्मक पुनर्गठन नहीं था, बल्कि एक नई रणनीति और व्यापक दृष्टिकोण के साथ राजनीतिक यात्रा की शुरुआत थी।
भाजपा ने अपने प्रारंभिक वर्षों में "गांधीवादी समाजवाद" का नारा दिया, जिससे यह संकेत मिला कि पार्टी अपने वैचारिक दायरे को व्यापक बनाना चाहती है। हालांकि शुरुआती चुनावों में भाजपा को बड़ी सफलता नहीं मिली, लेकिन उसने संगठन निर्माण पर विशेष ध्यान दिया।

## संघर्ष से सफलता तक : भाजपा का उभार



1980 और 1990 के दशक भाजपा के लिए संघर्ष और विस्तार का समय था। इस दौरान पार्टी ने अपने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया और विभिन्न सामाजिक वर्गों में अपनी पकड़ बनाई।
1990 के दशक में राम जन्मभूमि आंदोलन और अन्य मुद्दों के कारण भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आई। इसके परिणामस्वरूप पार्टी का जनाधार तेजी से बढ़ा और 1996 में वह पहली बार केंद्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।
इसके बाद 1998 और 1999 में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनी। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए, जिनमें परमाणु परीक्षण और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल था।



## भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति

भाजपा की सफलता के पीछे उसकी स्पष्ट विचारधारा, मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को प्रमुख कारण माना जाता है। पार्टी राष्ट्रवाद, विकास और सुशासन को अपने मुख्य मुद्दों के रूप में प्रस्तुत करती है।
इसके अलावा, भाजपा ने तकनीक और संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग किया है, जिससे वह आम जनता तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रही है। बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार उसकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है।

## भाजपा का सफर-------

1951 – जनसंघ स्थापना
1977 – जनता पार्टी
1980 – भाजपा का गठन
1998 – पहली NDA सरकार
2014 – पूर्ण बहुमत

## 21वीं सदी में भाजपा : नई ऊंचाइयों की ओर





2004 और 2009 के चुनावों में हार के बाद भाजपा ने आत्ममंथन किया और अपनी रणनीतियों में बदलाव किया। 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की और पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाई। यह जीत केवल एक चुनावी सफलता नहीं थी, बल्कि भाजपा के लंबे संघर्ष और संगठनात्मक मजबूती का परिणाम थी। इसके बाद 2019 में भी भाजपा ने और अधिक सीटों के साथ सत्ता में वापसी की, जिससे उसकी स्थिति और मजबूत हो गई।

**06 अप्रैल का महत्व**

6 अप्रैल केवल एक राजनीतिक दल की स्थापना का दिन नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र में एक वैकल्पिक राजनीतिक शक्ति के उदय का प्रतीक है। यह दिन दर्शाता है कि कैसे एक विचार, संघर्ष और संगठन के माध्यम से एक दल देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बन सकता है।
भाजपा हर वर्ष इस दिन को "स्थापना दिवस" के रूप में मनाती है, जिसमें पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के योगदान को याद करती है और भविष्य की रणनीतियों पर विचार करती है।

# जिले में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें : जिला प्रशासन

**न्यूज़ स्केल किशनगंज**

» इसके आधार पर समाचार को प्राथमिकता दी जाती है।

---------------

» उच्च न्यूज़ स्केल वाली खबरें अधिक महत्वपूर्ण मानी जाती हैं।

---------------



किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

वर्तमान में जिले में 7,698 से अधिक एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। वितरण व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

**कालाबाजारी पर सख्ती और निगरानी:** एलपीजी गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे बाजार में पारदर्शिता और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

**शिकायत निवारण के लिए कंट्रोल रूम:** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। एलपीजी से संबंधित शिकायतों के लिए दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी की गई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और निश्चिंत रहें, क्योंकि जिले में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी रहेगी।

**होम डिलीवरी और बुकिंग व्यवस्था:** जिलाधिकारी के अनुसार एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी सेवा पहले की तरह जारी है। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें दो से तीन दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रशासन ने बुकिंग की समय-सीमा भी निर्धारित की है, जिसके तहत शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता 25 दिनों के बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग कर सकेंगे।

# जांच घर का सामान चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित नवाब बाग कॉलोनी में बीते रात चोरी की एक गंभीर घटना सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक बच्ची द्वारा संचालित पैथोलैब, जिसका सेटअप हाल ही में किया जा रहा था, को चोरों ने निशाना बनाया। चोर यहां से भारी मात्रा में महंगे उपकरण और अन्य जरूरी सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले का जायजा लिया। सिटी डीएसपी अजय चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और परिजन से पूछताछ की गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।तिलकामांझी थाना अध्यक्ष ने बताया कि अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद ही आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर चिंता का माहौल है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अपराध की योजना बना रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**कटिहार,** हि.स.)। जिले के कोढ़ा थाना पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देशी कट्टा और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान नीरज कुमार पिता राकेश ऋषि ग्राम चेथरियापीर थाना कोढ़ा और मोनू कुमार पिता हरेकृष्ण पासवान ग्राम नया टोला गंगेली थाना मरंगा जिला पूर्णिया के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कोढ़ा थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ परमानंदपुर, वार्ड नं.-05 में छापेमारी की थी, जिसमें दोनों अपराधी पकड़े गए। पुलिस के अनुसार दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अमौर में पैक्स चुनाव का बिगुल बजा : 20 अप्रैल को होगा मतदान, प्रशासनिक तैयारियां मुकम्मल

**न्यूज स्केल अमौर (पूर्णिया) :**



बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा अधिसूचना जारी होते ही अमौर प्रखंड में पैक्स (PACS) चुनाव की सरगर्मियां चरम पर पहुँच गई हैं। प्रखंड मुख्यालय में चुनावी बिसात बिछ चुकी है और प्रशासन ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए कमर कस ली है।

**चुनाव कार्यक्रम एक नजर में**

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी राजाराम पंडित ने चुनाव की समय-सारणी साझा करते हुए बताया कि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी:

नामांकन की तिथि: 08 और 09 अप्रैल, 2026

नामांकन पत्रों की जांच: 10 और 11 अप्रैल

नाम वापसी व प्रतीक आवंटन: 13 अप्रैल

मतदान एवं मतगणना: 20 अप्रैल

**चुनाव के मुख्य आंकड़े**

इस बार का चुनाव 11 पंचायतों और 01 नगर पंचायत को मिलाकर कुल 12 पैक्स समितियों के लिए आयोजित किया जा रहा है।निर्वाची पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जहाँ मतदाताओं की संख्या 700 से अधिक है, वहाँ दो केंद्र बनाए गए हैं ताकि मतदाताओं को लंबी कतारों से राहत मिल सके।

**सुरक्षा और बुनियादी सुविधाएं**

चुनाव को भयमुक्त और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए प्रखंड स्तर पर विभिन्न कोषांगों (Cells) का गठन किया गया है। बीडीओ राजाराम पंडित ने बताया:

सुविधाएं: सभी 21 केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय और भीषण गर्मी को देखते हुए छाया (शेड) की पुख्ता व्यवस्था रहेगी।

सुरक्षा: संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त बल की तैनाती होगी ताकि मतदाता बिना किसी दबाव के मतदान कर सकें।

तैयारी: एनआर (NR) कटाने की प्रक्रिया शुरू है और उम्मीदवारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

"प्रशासन हर हाल में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। तैयारियां अंतिम चरण में हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

— राजाराम पंडित, बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी, अमौर

# कटिहार में बड़ी कार्रवाई : वारदात की साजिश रच रहे दो अपराधी हथियार समेत गिरफ्तार



**न्यूज स्केल कटिहार,**

जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वारदात की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार और दो मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिससे संभावित आपराधिक घटना को समय रहते टाल दिया गया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम परमानंदपुर, वार्ड संख्या-05 में दो संदिग्ध व्यक्ति किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन के बाद कोढ़ा थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ तत्काल छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही दोनों संदिग्ध भागने लगे, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें खदेड़कर पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नीरज कुमार (25 वर्ष), निवासी चेथरियापीर, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार एवं मोनू कुमार (20 वर्ष), निवासी नया टोला गंगेली, थाना मरंगा, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है, ताकि उनके आपराधिक नेटवर्क और संभावित योजनाओं का खुलासा हो सके।

**बरामदगी :**एक देशी कट्टा दो मोटरसाइकिल कटिहार पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एसएसबी जवान गिरफ्तार



**किशनगंज,** (हि.स.)। जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, पीड़िता पक्ष की शिकायत के आधार पर ठाकुरगंज थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित जलेबिया मोड़ के समीप एक किराए के मकान में रह रहा है।

ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मो. मकसूद आलम अशरफी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपित जवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहन जांच में जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अमौर में अग्नि सुरक्षा को लेकर महाभियान : मॉकड्रिल के जरिए ग्रामीणों को सिखाए बचाव के गुर

**न्यूज स्केल अमौर (पूर्णिया) :**



अमौर प्रखंड क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और अगलगी की घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत अमौर सहित विभिन्न पंचायतों में विशेष जागरूकता अभियान सह 'मॉकड्रिल' का आयोजन किया गया, ताकि भविष्य में होने वाली जान-माल की क्षति को रोका जा सके।

**इन स्थानों पर हुआ आयोजन**

अग्निशमन विभाग की टीम ने विशेष रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया:

नगर पंचायत अमौर: मध्य विद्यालय ढरिया मुजीब टोला।

पंचायत स्तर: भवानीपुर और बरबट्टा पंचायत के विभिन्न संवेदनशील स्थल। सूझबूझ से टल सकती है बड़ी आपदा

जागरूकता अभियान का नेतृत्व कर रहे अग्नि चालक सुशील कुमार,

सुगंध पासवान और हरेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराहट ही सबसे बड़ी दुश्मन होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नागरिक जागरूक हों, तो आग जैसी आपदाओं को बड़े हादसे में तब्दील होने से पहले ही नियंत्रित किया जा सकता है।

"हमारा लक्ष्य हर नागरिक को इतना सक्षम बनाना है कि वे फायर ब्रिगेड के पहुँचने से पहले प्राथमिक स्तर पर आग पर काबू पा सकें।" — अग्निशमन दस्ता, अमौर

**विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण :** मॉकड्रिल के दौरान विशेषज्ञों ने केवल सैद्धांतिक बातें ही नहीं कीं, बल्कि आग बुझाने का लाइव डेमो भी दिया। प्रशिक्षण की मुख्य बातें निम्नलिखित रहीं:


गैस सिलेंडर की आग: रसोई गैस में आग लगने पर गीले बोरे या कंबल का सही इस्तेमाल कैसे करें।

घरेलू संसाधनों का उपयोग: बालू, मिट्टी और पानी के सही उपयोग की विधि।

क्या करें और क्या न करें: आग लगने की स्थिति में बिजली का मुख्य स्विच बंद करने और तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित करने की सलाह दी गई।

**सार्वजनिक स्थलों पर दी गई जानकारी:** अमौर थाना के अग्निशमन दस्ते ने सार्वजनिक चौक-चौराहों पर जाकर लोगों को पर्चे और मौखिक जानकारी के माध्यम से सचेत किया। टीम ने अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत विभाग से संपर्क करें और अफवाहों से बचें। इस अभियान से स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं और छात्रों में काफी उत्साह देखा गया।

# फास्टेक प्रशिक्षण टीम पर हमला, पंजीकरण राशि छीने जाने का आरोप



**भागलपुर,** (हि.स.)। भागलपुर में एक एनजीओ की फास्टेक प्रशिक्षण टीम पर हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। केवीजीवीएम नामक संस्था ने जीरोमाइल स्थित एक स्थानीय होटल में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। संस्था के अनुसार उनकी टीम कहलगांव के एकचारी थाना क्षेत्र में फास्टेक प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कार्य कर रही थी।

एनजीओ का दावा है कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन की अनुमति से वैध रूप से संचालित किया जा रहा था।

बताया गया कि 24 फरवरी को जीरोमाइल स्थित एक विवाह भवन में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ था और टीम के पास सभी आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। इसके बावजूद पंजीकरण के दौरान कुछ लोगों ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की।एनजीओ ने रौशन सिंह और यूट्यूबर बादल सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की जिसमें टीम हेड सहित कई लोग घायल हो गए। साथ ही 50-60 प्रतिभागियों से जमा की गई पंजीकरण राशि भी जबरन छीन ली गई। जिला समन्वयक जैनी कुमार ने बताया कि आरोपियों द्वारा 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए गए और 1500 रुपये नकद भी लिए गए। मामले में वरीय पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया है और पुलिस जांच में जुटी है।

# गुरु जयंती के निमित्त शिवपुरी सत्संग मंदिर में ट्रस्टियों की बैठक आयोजित

**न्यूज़ स्केल,पूर्णिया**



रविवार को शिवपुरी सत्संग मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग के उपरांत संत सद्गुरू महर्षि मेंहीं सेवा ट्रस्ट शिवपुरी, पूर्णिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक अधिवक्ता पवन कुमार पोद्दार ने की, जबकि संचालन सचिव अखिलेश मंडल के नेतृत्व में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले गुरु जयंती कार्यक्रम की तैयारियों पर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय लेना था।

बैठक में सचिव अखिलेश मंडल ने पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। गुरु जयंती कार्यक्रम को भव्य एवं व्यवस्थित ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। तय हुआ कि 30 अप्रैल को सुबह 6 बजे गाजे-बाजे के साथ भव्य प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण करते हुए सुबह 8 बजे पुनः सत्संग मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात गुरु महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।कार्यक्रम में अररिया आश्रम के पूज्य राजनाथ बाबा द्वारा प्रवचन होगा। इसके बाद आरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सत्संग भवन के ऊपरी तल के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई तथा पिछले वर्ष के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। अंत में अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार के धन्यवाद ज्ञापन और आरती के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्रों का हुआ सम्मान

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**



बड़हरा कोठी प्रखंड अंतर्गत सुखसेना पूर्व पंचायत के वार्ड संख्या 5, पडरिया टोला स्थित एजे शिक्षण संस्थान में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने प्रखंड टॉपर शिवम कुमार सहित सभी सफल छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाते हैं। मुखिया सरिता देवी ने एजे शिक्षण संस्थान के संस्थापक अजय कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। साथ ही संस्थान के शिक्षक रंजीत कुमार एवं अवधेश कुमार के शिक्षण कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान न केवल पंचायत बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रोशन कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।समारोह में उपस्थित अन्य शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षक विजेंद्र कुमार मंडल, रामचंद्र कुमार साह, उमेश कुमार मंडल, वार्ड सदस्य दिलखुश कुमार, गुलो मंडल, कुमोद चौधरी, किशोर कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा, जहां छात्रों के चेहरे पर सम्मान पाकर खुशी साफ झलक रही थी।

# जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू रूप से जारी है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं

**न्यूज़ स्केल नवादा,**

**कंपनियों के अनुसार वितरण का विस्तृत आंकड़ा**






जिला नवादा में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं तक नियमित रूप से गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**गैस स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता:** कंपनियों से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 13,001 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) के 3,037, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के 7,366 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के 2,598 सिलेंडर शामिल हैं। यह उपलब्धता वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त बताई गई है।

**शिकायत निवारण एवं नियंत्रण कक्ष सक्रिय:** गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर अब तक 254 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 219 का समाधान कर दिया गया है। शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने शिकायत निवारण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया है।

**जमाखोरी पर सख्ती और जनअपील:** जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए सभी प्रखंडों में विशेष धावा दल गठित किए गए हैं, जो नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही गैस सिलेंडर बुक करें तथा संयम बनाए रखें।

# नालंदा में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, 54 एजेंसियों के माध्यम से सुचारू आपूर्ति; 20672 सिलेंडर स्टॉक में

**न्यूज़ स्केल नालंदा,**



जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने जानकारी दी कि नालंदा जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है। तेल विपणन कंपनियों के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार तीनों कंपनियों की कुल 54 एजेंसियों के माध्यम से लगभग 8876 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं, जबकि 20672 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं।

**रिफिलिंग नियम और उपभोक्ता सुविधा:** जिला पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्र में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों के भीतर रिफिलिंग हेतु आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय-सीमा के अनुसार ही गैस रिफिल कराएं, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

**PNG कनेक्शन और विस्तार कार्य:** जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर एवं सिलाव में PNG पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। अब तक लगभग 1200 PNG कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से PNG कनेक्शन लेने का अनुरोध किया ताकि उन्हें आधुनिक सुविधा मिले और LPG पर निर्भरता कम हो सके। शीघ्र ही कैंप आयोजित कर PNG कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**अफवाहों से बचाव और नियंत्रण कक्ष:** जिला पदाधिकारी ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की। साथ ही एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (टोल फ्री नंबर-06112-233168) संचालित है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना तुरंत देने का अनुरोध किया और चेतावनी दी कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मोतिहारी जहरीली शराब कांड में मरने वाले की संख्या बढकर हुई नौ






**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।जिले में तुरकौलिया व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र में हुई जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इस कांड में अब दो अन्य लोगों की भी मौत हो गई है। शराब कांड में मरने वालों की संख्या अब 9 हो गई है।जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर थाने के हरदिया के विनोद साह की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई है। वही तुरकौलिया थाने में शंकर सरैया के योद्धा मांझी की भी मौत हो गई है। इसके अलावा लड्डू साह नाम के एक शख्स की गंभीर स्थिति में वेंटिलेटर पर इलाज चल रहा है। लड्डू की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वह रघुनाथपुर थाने के बालगंगा मुसहरी टोला का निवासी है।

जानकारी के अनुसार जहरीली शराब का असर अब तुरकौलिया, रघुनाथपुर के अलावा मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र व बंजरिया थाना में भी सामने आने लगा है। अपने स्तर से निजी तौर पर इलाज कराने वालों की मौत हो रही है। प्रशासन के माईकिंग के बावजूद कई लोग अपने स्तर से चोरी छुपे इलाज कराने में जुटे हैं। इसके कारण मरीजों की हालत बिगड़ने पर नाजुक हालत में सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे पहले शनिवार सुबह जब रघुनाथपुर के हरदिया गांव निवासी लालकिशोर राय को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो गई। वहीं, शाम में तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया शेख शरण टोला निवासी मो. इलियास को लेकर परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन दूसरे अस्पताल में जाने के दौरान उनकी मौत हो गई। शाम में शव लेकर परिजन सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के लिए पहुंचे।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 19 केन जहरीली स्प्रिट बरामद की गई। तस्करों ने जगह जगह पीला व उजले डिब्बों में बंद मिथनॉल की सप्लाई की है। इस कांड को लेकर गठित विशेष टीम एक-एक कर कड़ियों को जोड़ते हुए स्प्रिट बरामद की जा रही हैं।जिले भर में अब तक 15 शराब तस्करो को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने कहा कि पीली केन में बरामद स्प्रिट मेथनॉल है, जो जहरीला है। इसको पीने से मौत होने की पूरी गुंजाइश है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी के पास अनजाने में भी ऐसा केन हो तो अविलंब विनष्ट कर दें।

# खेत पटवन के गड्ढे में गिरने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, गांव में पसरा मातम



**नवादा,** (हि.स.)।जिले के रजौली थाना क्षेत्र के मोहनरिया तरी में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। खेत पटवन के लिए बनाए गए गड्ढे में गिरने से बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और मातम का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्चा निशांत कुमार (2 वर्ष) सिरदला थाना क्षेत्र के सड़मंजगामा पंचायत के भराड़ी गांव निवासी नीतीश कुमार का पुत्र था। बताया जाता है कि निशांत अपनी मां के साथ पिछले दो महीने से अपने नाना के घर मोहनरिया तरी में रह रहा था। रविवार को खेलते-खेलते वह खेत पटवन के लिए बने गड्ढे के पास पहुंच गया और अचानक उसमें गिर गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में बच्चे को गड्ढे से बाहर निकालकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल रजौली लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. राघवेंद्र भारती ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि पटवन के लिए बने गड्ढे ज्यादा पानी भी नहीं था बच्चा कैसे उसमे गिर गया और उसकी मृत्यु हो गई यह बहुत सोचनीय विषय हैं।इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।

# नूरसराय कांड के विरोध में गोपालगंज में प्रतिवाद मार्च, दोषियों को सख्त सजा की मांग

**न्यूज स्केल गोपालगंज,**

**■ भाकपा (माले) और एपवा का प्रदर्शन, स्पीडी ट्रायल व पीड़ित परिवार की सुरक्षा पर जोर**




नालंदा के नूरसराय में हुई जघन्य यौन हिंसा की घटना के खिलाफ भाकपा (माले) एवं एपवा के बैनर तले गोपालगंज में व्यापक प्रतिवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च शहीदेआजम भगत सिंह चौक से शुरू होकर पोस्ट ऑफिस होते हुए मौनिया चौक तक पहुंचा, जहां सभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) जिला कमिटी सदस्य सुबास सिंह कुशवाहा ने कहा कि नूरसराय की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने इसे कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता बताते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के सवाल पर सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के आरोपियों को कई बार सत्ता और प्रशासनिक तंत्र का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलता है, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है और देश में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता मंजूर आलम, नन्देश्वर राम और सुरेश शर्मा ने कहा कि यह कोई एक घटना नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की भयावह तस्वीर है। उन्होंने कहा कि 2 साल की बच्ची से लेकर 60 साल तक की महिलाएं असुरक्षित हैं और सरकार की निष्क्रियता अपराधियों को बढ़ावा दे रही है।

अन्य वक्ताओं में राम प्रवेश राम, अवधेश बारी, जहरूदीन, शेराज अंसारी, दिना भगत, मुन्ना शर्मा, शारदा देवी, विजय सहनी, सिकन्दर रावत, माधुरी देवी, खैरून नेता और रीना देवी ने भी सभा को संबोधित किया।

सभी ने एक स्वर में मांग की कि नूरसराय कांड के दोषियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित परिवार को समुचित सुरक्षा प्रदान की जाए।

सभा के अंत में आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अहियापुर थाना में देर रात औचक निरीक्षण, 3 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**न्यूज स्केल मुजफ्फरपुर,**



**■ शिकायतकर्ताओं से दुर्व्यवहार की शिकायत पर प्रमंडलीय आयुक्त की कार्रवाई, अनुशासनहीनता पर सख्त रुख**

सरकारी कार्यप्रणाली में जवाबदेही, पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त श्री गिरिवर दयाल सिंह ने शनिवार की देर रात अहियापुर थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन पुलिसकर्मियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने का निर्देश दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना में आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ अमर्यादित एवं अशिष्ट व्यवहार किए जाने की शिकायत आयुक्त को मिली थी। शिकायत की पुष्टि के बाद आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अवर निरीक्षक जय प्रकाश तथा सिपाही (थाना मैनेजर) चंदन कुमार ड्यूटी के समय बिना वर्दी और अव्यवस्थित स्थिति में पाए गए। इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए आयुक्त ने दोनों को तत्काल लाइन हाजिर करने का आदेश एसएसपी को दिया।

वहीं, थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति को लेकर पूछताछ में अवर निरीक्षक प्रमोद प्रसाद द्वारा भ्रामक जानकारी दी गई। इसे गंभीर कदाचार मानते हुए उन्हें भी लाइन हाजिर कर दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में आयुक्त ने थाना के अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला संबंधित मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इसके अतिरिक्त अपराध नियंत्रण के लिए गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए।

आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून-व्यवस्था के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं उत्तरदायी रहें।

# चकिया मदरसा में छापेमारी,विदेशी पिस्टल बरामद,तीन संदिग्ध हिरासत में



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चकिया थाना क्षेत्र के गवंदरा स्थित मदरसा में छापेमारी की है।उक्त कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से एक पिस्टल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मदरसा से किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही थी।

पुलिस के अनुसार मदरसा परिसर से साजिश के कुछ सुराग मिले है,जिसको लेकर अग्रतर कारवाई जारी है।पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन लोगों को भी हिरासत में लिया है और जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वाड की टीम को भी घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। फिलहाल मदरसा को सील कर दिया गया है और पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

उल्लेखनीय है, कि चकिया थाना क्षेत्र का यह वही मदरसा है, जहां से पहले पीएफआई से जुड़े सदस्य उस्मान उर्फ सुल्तान उर्फ याकूब को चकिया पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। पीएफआई के सदस्य याकूब खान ने सोशल मीडिया में अयोध्या राममंदिर के विरोध में विवादित पोस्ट किया था। उसने अयोध्या में राम मंदिर की जगह बाबरी मस्जिद बनाने की बात सोशल मीडिया में कही थी। जिसके बाद उसे इसी मदरसा से गिरफ्तार किया गया था।एनआईए की जांच में यह सामने आया कि वह पीएफआई के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहा था,साथ ही उसने पीएफआई के प्रशिक्षण शिविर में भी हिस्सा लिया था। फिलहाल पुलिस कई एंगल से मदरसा की भूमिका की जांच कर रही है।--------------
--

# सारण में साइट फॉर ऑल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन,जुटे देशभर के नेत्र विशेषज्ञ




**सारण,** (हि.स.)। मस्तीचक ग्रामीण भारत में नेत्र चिकित्सा की पहुँच और जन-जागरूकता को लेकर रविवार को अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के मस्तीचक स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परिसर में साइट फॉर ऑल कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया। अखंड ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ कम्युनिटी ऑप्थैल्मोलॉजी द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एम्स दिल्ली, शंकर नेत्रालय और अरविंद आई केयर जैसे 30 से अधिक संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने शिरकत की।

कॉन्क्लेव का सबसे आकर्षण रीस्टोरिंग विजन यू एस ए के साथ हुआ समझौता रहा। संस्था के सीईओ इयान रॉजर्स और अखंड ज्योति के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजीत पोद्दार के बीच हुए इस समझौते के तहत बिहार के गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क रीडिंग चश्मे वितरित किए जाएंगे। यह पहल उन बुजुर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी जो आर्थिक तंगी के कारण निकट दृष्टि दोष का इलाज नहीं करा पाते। इस वर्ष कॉन्क्लेव का मुख्य विषय कम्युनिटी केयर ऐज़ मार्केट इंटेलिजेंस रहा। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि नेत्र सेवाओं को केवल अस्पताल की चहारदीवारी तक सीमित नहीं रखा जा सकता। एम्स के डॉ प्रवीण वशिष्ठ और अरविंद आई केयर के थुल्सीराज रविल्ला सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इलाज से ज्यादा जरूरी जागरूकता और हेल्थ सीकिंग बिहेवियर विकसित करना है।

कार्यक्रम में डॉ राजवर्धन आज़ाद, प्रो जी.वी.एस. मूर्ति, डॉ पार्थ बिस्वास, कर्नल डॉ मधु भदौरिया और डॉ कौशिक मुरली जैसे देश के दिग्गज चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु यह रहा कि कैसे तकनीक और डेटा के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर जाँच और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।यह कॉन्क्लेव ग्रामीण बिहार के लाखों लोगों के लिए बेहतर रोशनी की उम्मीद बनकर उभरा है।

# बदरीनाथ धाम यात्रा : 7 अप्रैल को ऋषिकेश पहुंचेगी गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा

**ऋषिकेश,** (हि. स.)। बदरीनाथ धाम यात्रा शुरू होने से पहले गाडू घड़ा (तेल कलश) यात्रा 7 अप्रैल को नरेन्द्र नगर राजदरबार से प्रारंभ होकर रात्रि विश्राम के लिए ऋषिकेश पहुंचेगी। यह गाडू घड़ा (तेल कलश) यात्रा बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति और डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

मंदिर समिति के अनुसार, 7 अप्रैल की रात्रि को यात्रा रेलवे रोड स्थित चेला चेतराम धर्मशाला में ठहरेगी। 8 अप्रैल की सुबह श्रद्धालु गाडू घड़ा तेल कलश के दर्शन कर सकेंगे। पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण के बाद यात्रा लक्ष्मण झूला होते हुए श्रीनगर गढ़वाल के लिए रवाना होगी। इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी भी उपस्थित रहेंगे।

यात्रा का शुभारंभ नरेंद्र नगर राजदरबार से महाराजा मनुजयेंद्र शाह करेंगे। राजमहल में महारानी मालाराज्य लक्ष्मी शाह सहित सुहागिन महिलाएं पारंपरिक विधि से तिलों का तेल तैयार कर कलश डिमरी पंचायत को सौंपेंगी। तेल कलश को कुछ समय के लिए डिमरी तीर्थ पुरोहितों के मूल गांव डिम्मर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में रखा जाएगा, जहां नियमित पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद यात्रा विभिन्न पड़ावों से होते हुए आगे बढ़ेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 19 अप्रैल को तेल कलश यात्रा पाखी गांव, 20 अप्रैल को नृसिंह मंदिर ज्योतिर्मठ और रविग्राम, 21 अप्रैल को पांडुकेश्वर में रात्रि विश्राम करेगी। 22 अप्रैल की शाम तक यात्रा श्री बदरीनाथ धाम पहुंच जाएगी। इसके पश्चात 23 अप्रैल को प्रातः 6 बजकर 15 मिनट पर विधि-विधान के साथ श्री बदरीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर मंदिर समिति एवं डिमरी पंचायत के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।



## सर्राफा बाजार में सोने के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी के भाव में मामूली उछाल

**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमतों में हल्की कमजोरी का रुख देखा गया, जबकि चांदी के भाव में मामूली तेजी दर्ज की गई। देश के ज्यादातर बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,50,930 से 1,51,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,38,350 से 1,38,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत



बढ़कर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। साप्ताहिक आधार पर सोने में मजबूती बनी रही है। पिछले सप्ताह 24 कैरेट सोने की कीमत में करीब 2,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि 22 कैरेट सोना लगभग 2,600 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ। चांदी में पूरे सप्ताह उतार-चढ़ाव का माहौल रहा, लेकिन अंततः इसमें करीब 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गई। देश के प्रमुख शहरों—दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ, पटना और जयपुर—में सोने के भाव लगभग एक समान स्तर पर बने हुए हैं। वहीं दक्षिण और पूर्वी राज्यों के बाजारों में भी सोने की कीमतों में हल्की कमजोरी का रुख जारी है।

## टॉप 10 में शामिल 6 कंपनियों के मार्केट कैप में 64 लाख करोड़ की गिरावट, भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली,** (हि.स.) घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह के उतार-चढ़ाव का असर देश की टॉप-10 कंपनियों पर दिखा। इस दौरान छह कंपनियों के मार्केट कैप में कुल 64,734 करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि चार कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 44,828 करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। गिरावट झेलने वाली कंपनियों में (भारती एयरटेल) को



सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। इसके अलावा ICICI Bank (आईसीआईसीआई बैंक), (बजाज फाइनेंस), (एचडीएफसी बैंक), (हिंदुस्तान यूनिलीवर) और State Bank of India (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया/एसबीआई) के मार्केट कैप में भी गिरावट आई। वहीं बढ़त दर्ज करने वाली कंपनियों में Tata (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज/टीसीएस) सबसे आगे रही। इसके बाद Infosys (इंफोसिस), Larsen & Toubro (लार्सन एंड टूब्रो/एलएंडटी) और Reliance Industries (रिलायंस इंडस्ट्रीज) के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। सप्ताह के अंत में (रिलायंस इंडस्ट्रीज) देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद HDFC Bank (एचडीएफसी बैंक) और Bharti Airtel (भारती एयरटेल) का स्थान रहा।

## गर्मियों में चिया सीड्स का पानी : ठंडक, हाइड्रेशन और सेहत का आसान मंत्र

**नई दिल्ली,** (हि.स.)गर्मियों के मौसम में शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी होता है, और ऐसे में चिया सीड्स का पानी एक बेहतरीन प्राकृतिक विकल्प साबित होता है। छोटे-छोटे ये बीज पोषण से भरपूर होते हैं और पानी में भिगोने पर जेली जैसी बनावट ले लेते हैं, जिससे शरीर में नमी लंबे समय तक बनी रहती है।

चिया सीड्स में घुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया



जाता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में मदद करता है। यह पेट की गर्मी, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याओं को कम करने में सहायक होता है। साथ ही यह प्रीबायोटिक की तरह काम कर आंतों के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है।

इसके अलावा, चिया सीड्स ऊर्जा का अच्छा स्रोत हैं। इनमें मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट शरीर को दिनभर एक्टिव बनाए रखते हैं। नियमित सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है। वजन घटाने के इच्छुक लोगों के लिए यह खासतौर पर फायदेमंद है, क्योंकि इसे लेने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और बार-बार खाने की इच्छा कम होती है।

ब्लड शुगर को संतुलित रखने में भी चिया सीड्स कारगर हैं, क्योंकि ये ग्लूकोज के अवशोषण को धीमा करते हैं और शुगर स्पाइक्स को रोकते हैं।

**सेवन का सही तरीका:** रात में एक गिलास पानी में एक चम्मच चिया सीड्स भिगो दें। सुबह इसमें नींबू का रस और थोड़ा काला नमक मिलाकर खाली पेट सेवन करें। इससे शरीर को ठंडक, ऊर्जा और बेहतर पाचन—तीनों लाभ एक साथ मिलते हैं।

## अगले सप्ताह लॉन्च होंगे 2 नए आईपीओ, सिर्फ एक कंपनी करेगी शेयरों की लिस्टिंग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)छह अप्रैल से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह में प्राइमरी मार्केट में हल्की गतिविधि देखने को मिलेगी। इस दौरान केवल दो कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च करेंगी, जिनमें कोई भी मेनबोर्ड सेगमेंट का नहीं है। एक आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है, जबकि दूसरा रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (REIT) से जुड़ा है।

सप्ताह के पहले दिन सेफ्टी कंट्रोल एंड डिवाइसेज का 48 करोड़ रुपये का





आईपीओ खुल रहा है, जिसमें 75 से 80 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक इसमें 8 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे और इसकी संभावित लिस्टिंग 13 अप्रैल को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है।

वहीं, सप्ताह के अंत में प्रॉपशेयर सेलेस्टिया का 244.65 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 अप्रैल को खुलेगा, जिसमें 16 अप्रैल तक निवेश किया जा सकेगा। इस सप्ताह केवल एक कंपनी विविड इलेक्ट्रोमेक के शेयर 7 अप्रैल को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं।

# राशिफल : 06 अप्रैल, 2026

मेष- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

मिथुन- यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

सिंह- दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

तुला- शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

धनु- व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

कुंभ- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

वृष- अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

कर्क- लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

कन्या- विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

वृश्चिक- आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

मकर- समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

मीन- जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

# पंचांग : 06 अप्रैल, 2026

6 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल मीन में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु. सिंह में

लग्नारंभ समय
मेष 06.16 बजे से
वृष 07.56 बजे से
मिथुन 09.54 बजे से
कर्क 12.08 बजे से
सिंह 14.24 बजे से
कन्या 16.36 बजे से
तुला 18.47 बजे से
वृश्चिक 21.01 बजे से
धनु 23.17 बजे से
मकर 01.22 बजे से
कुंभ 03.09 बजे से
मीन 04.42 बजे से

सोमवार 2026 वर्ष का 96 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि चतुर्थी 14.11 बजे को समाप्त।
नक्षत्र अनुराधा 02.57 बजे रात्र को समाप्त।
योग सिद्धि( असृक ) 15.25 बजे को समाप्त।
करण बालव 14.11 बजे तदनन्तर कौलव 03.22 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 17.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 060 22
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872671
जूलियन दिन 2461136.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल तारीख 17




# ध्यान आंतरिक परिवर्तन की शुरुआत, बेहतर सोच से बेहतर बनेगी दुनिया : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स' को संबोधित करते हुए भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान (मेडिटेशन) आंतरिक परिवर्तन की शुरुआत है और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही बेहतर दुनिया का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि ध्यान व्यक्ति को मानसिक शांति, स्पष्टता और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिससे जीवन में संतुलन स्थापित होता है।

कार्यक्रम का आयोजन पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट और बुद्धा-सीईओ क्वांटम फाउंडेशन द्वारा किया गया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ध्यान मनुष्य के भीतर एक दीपक जलाने जैसा है, जो अज्ञानता को दूर कर व्यक्ति को सत्य और शांति के मार्ग पर ले जाता है। उन्होंने तमिल संत तिरुमूलर की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मानव शरीर एक मंदिर के समान है और ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपनी आंतरिक दिव्यता को पहचान सकता है।

उन्होंने वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज संघर्ष केवल बाहरी नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर भी होता है। ऐसे समय में ध्यान तनाव कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ध्यान केवल साधकों के लिए नहीं, बल्कि आम व्यक्ति के लिए भी उपयोगी है।

विकसित भारत-2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता देना जरूरी है। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ध्यान नशा मुक्ति का प्रभावी माध्यम बन सकता है और जीवन में सही दिशा प्रदान करता है।

इस अवसर पर डीआर कार्तिकेयन, स्वामी चिदानंद सरस्वती, डॉ. न्यूटन कोंडावेटी, चंद्र पुलामारसेट्टी और विजय भास्कर रेड्डी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अनूपपुर लॉज हादसा- दूसरे दिन तीसरा शव महिला का मिला, लाज मालिक और निर्माण करा रहे भूमि स्वामी पर प्रकरण दर्ज

**अनूपपुर,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के बस स्टैंड के सामने शनिवार शाम 4 मंजिला लाज के गिरने से अबतक तीन लोगोकी मृत्यु हो गई। करीब 21 घंटे बाद भी लगातार बचाव कार्य जारी हैं।



**मुख्यमंत्री ने मृतक के परिवार को 9 लाख देने की घोषणा**

मुख्यमंत्री डॉ. माहन यादव ने जिले के नगर में कल हुए दुखद हादसे में काल-कवलित नागरिकों के परिजनों को 9-9 लाख एवं घायलों 2.5 लाख देने की जानकारी ट्वीट कर दी। जिसमे मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से ₹4-4 लाख, संबल योजना के अंतर्गत ₹4-4 लाख एवं रेडक्रॉस से ₹1-1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से ₹2-2 लाख एवं रेडक्रॉस से ₹50-50 हजार राशि दी जाएगी। राज्य सरकार प्रभावित परिजनों के साथ खड़ी है। ईश्वर से दिवंगतों की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि शासन की तरफ से प्रत्येक मृतक के परिवार को 9–9 लाख रुपए और घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपए दिए जाने की बात कहीं।

**प्रकरण दर्ज**:वहीं रविवार को कोतमा पुलिस ने लाज मालिक लालू अग्रवाल एवं होटल के बगल में निर्माण कार्य कार्य कर रहे भूस्वामी राजीव गर्ग पुत्र राम नरेश गर्ग पर प्रकरण दर्ज किया गया है। भोपाल से अपर मुख्य सचिव गृह विभाग के सी गुप्ता कोतमा पहुंचे जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर इलाज कर रहे घायलों का हाल-चाल जानने कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों से मुलाकात कर उनसे स्वास्थ्य की कुशलक्षेम जानी उसके बाद पुनः घटनास्थल के लिए रवाना हो गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, लोकल समेत 100 से ज्यादा लोग मलबा हटाने में जुटे हैं। वहीं सर्चिंग के लिए भिलाई और बनारस से भी टीमें बुलाई गई हैं।

# भारी बारिश-ओलावृष्टि से फसल नुकसान पर केंद्र सतर्क, प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ होगी बैठक : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देश के कई राज्यों में हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को देखते हुए केंद्र सरकार ने तुरंत संज्ञान लिया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल समीक्षा की जाए और आवश्यक कदम उठाए जाएं। सरकार का उद्देश्य प्रभावित किसानों को समय पर राहत उपलब्ध कराना है।




**राज्यों से विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश**: कृषि मंत्रालय के अनुसार, मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबंधित राज्यों के अधिकारियों से संपर्क कर फसल क्षति का विस्तृत आकलन करने को कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नुकसान का सही और पारदर्शी आकलन बेहद जरूरी है, ताकि वास्तविक प्रभावित किसानों की पहचान कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जा सके। इसके लिए सभी राज्यों को शीघ्र रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**किसानों को भरोसा और आश्वासन**: मंत्री ने कहा कि इस कठिन समय में केंद्र सरकार पूरी मजबूती के साथ किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

**प्रभावित राज्यों के साथ अहम बैठक**: शिवराज सिंह चौहान ने यह भी जानकारी दी कि प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में फसल क्षति का विस्तृत आकलन किया जाएगा और राहत एवं मुआवजे से जुड़े विभिन्न उपायों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके।

## पवन खेड़ा के विरूद्ध 48 घंटें में दर्ज होंगे फौजदारी एवं दीवानी मामले : मुख्यमंत्री

**चराईदेव (असम),** (हि.स.)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने उनकी पत्नी रिंकी भुइयां शर्मा पर लगे कई पासपोर्ट रखने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पवन खेड़ा की प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस के भीतर घबराहट और असंतोष को दर्शाती है। सरमा ने आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, मनगढ़ंत और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए कहा कि इनका उद्देश्य असम की जनता को गुमराह करना है।



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वह और उनकी पत्नी अगले 48 घंटों के भीतर पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और दीवानी मानहानि के मुकदमे दायर करेंगे। उन्होंने न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि सच्चाई सामने आने पर कानून अपना काम करेगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जनता ऐसे दुष्प्रचार से प्रभावित नहीं होगी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास संदिग्ध ड्रोन उड़ाने मामले में तीन गिरफ्तार

**मालदा,** (हि. स.)। जिले के सामसी इलाके में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की चुनावी सभा के दौरान एक गंभीर सुरक्षा चूक का मामला सामने आया है। मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के सामने अचानक ड्रोन उड़ने से सभा स्थल पर हड़कंप मच गया। इस घटना में शामिल तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम अंकित कुमार पासवान, श्रीकांत मंडल और नूर अख्तर है, जो बिहार के कटिहार जिले के निवासी बताए जा रहे है।



बताया जा रहा है कि शनिवार को सभा खत्म होने के बाद जब मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर में सवार हो रही थी, तभी उनके बेहद करीब एक ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया। इसे देखते ही मुख्यमंत्री नाराज़ हो गईं और तुरंत सुरक्षा कर्मियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने भीड़ में मौजूद तीन लोगों को ड्रोन के साथ हिरासत में लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपित हरिश्चंद्रपुर में तृणमूल उम्मीदवार मोतिउर रहमान की चुनावी सभा में शामिल होने आए थे। हालांकि, इतने कड़े सुरक्षा घेरे के बावजूद उन्होंने किसकी अनुमति से और किस उद्देश्य से ड्रोन उड़ाया, इसकी जांच जारी है।

## असम में भाजपा कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या, चुनावी हिंसा का आरोप

**चराईदेव (असम),** (हि.स.)। असम में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही हिंसा की घटनाएं बढ़ती नजर आ रही हैं। इसी कड़ी में चराईदेव जिले से एक भयावह घटना सामने आई है, जहां एक भाजपा कार्यकर्ता की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक की पहचान खूदकन बोरा के रूप में हुई है, जो चुनाव प्रचार में जुटे थे। आरोप है कि जय भारत पार्टी के समर्थकों ने उन पर हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, जय भारत




पार्टी के समर्थक तिलेश्वर मुर्मू पर इस हत्या को अंजाम देने का आरोप लगा है। घटना के बाद सोनारी विधानसभा क्षेत्र में तनावपर्ण स्थिति बनी हुई है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोनारी के विधायक धर्मेश्वर कोंवर ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता को रास्ते में रोककर पीट-पीटकर हत्या अस्वीकार्य है। क्षेत्र के लोगों ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। चुनाव के मद्देनजर कड़ी पुलिस निगरानी के बावजूद इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है, वहीं स्थानीय लोगों ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

# ईरान से 345 भारतीय मछुआरे सुरक्षित स्वदेश लौटे, आर्मेनिया के रास्ते चेन्नई पहुंचे

**चेन्नई,** (हि.स.)। ईरान में फंसे 345 भारतीय मछुआरों को सुरक्षित निकालकर चेन्नई पहुंचाया गया है। यह निकासी आर्मेनिया के रास्ते की गई, जहां से उन्हें भारत लाया गया।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस अभियान में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और अपने समकक्ष अरात मिर्ज़ोयान का आभार जताया।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 1200 से अधिक भारतीय नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या छात्रों की है। यह अभियान आर्मेनिया और अजरबेजान के रास्ते चलाया जा रहा है, जिसमें भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन मिलकर काम कर रहे हैं।इस बीच, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद संयुक्त अरब अमीरात से भारत के लिए सीमित उड़ानें जारी हैं। बड़ी संख्या में लोग इन उड़ानों के जरिए स्वदेश लौट रहे हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरवरी के अंत से अब तक इस क्षेत्र से 6.24 लाख से अधिक यात्री भारत वापस आ चुके हैं। हालांकि, क्षेत्र में हालात अब भी संवेदनशील बने हुए हैं, जिसे देखते हुए सरकार लगातार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है।

# मप्र के अनूपपुर जिले में हुए हादसे में मृतकों के परिजनों को 9-9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**भोपाल,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा में बस स्टैंड के पास तीन मंजिला इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। हादसा शनिवार शाम करीब 5:30 बजे अग्रवाल लॉज में हुआ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 9-9 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। इसमें मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, संबल योजना और रेडक्रॉस से राशि शामिल है। घायलों को 2-2 लाख रुपये और अतिरिक्त सहायता देने के निर्देश भी दिए गए हैं।रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और अन्य टीमों ने करीब 20 घंटे तक मलबा हटाकर तीन लोगों को सुरक्षित निकाला, जबकि तीन शव बरामद किए गए। मृतकों में दो की पहचान हो चुकी है, जबकि एक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। घायलों का इलाज शहडोल मेडिकल कॉलेज और कोतमा अस्पताल में जारी है। मामले में भवन स्वामी और लॉज संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



# यूक्रेन पर रूस के रात भर चले ड्रोन हमलों में पांच लोगों की मौत, 30 घायल

**कीव,** (हि.स.)। यूक्रेन पर रूसी हमलों ने एक बार फिर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। रात भर चले ड्रोन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तुर्की यात्रा के दौरान हुए इन हमलों में कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिनमें निकोपोल और सूमी शामिल हैं। हमलों से रिहायशी इलाकों, बाज़ारों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और गंभीर हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया एनबीसी के अनुसार यूक्रेनी वायु सेना ने एक ऑनलाइन बयान में बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 286 ड्रोन दागे, जिनमें से 260 को मार गिराया गया। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्जेंडर हंझा ने बताया कि निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र के निकोपोल शहर में तीन महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। इसके अलावा 19 अन्य लोग घायल हुए, जिनमें एक 14 साल की लड़की भी है। इस हमले में बाज़ार के स्टॉल और एक दुकान को नुकसान पहुंचा।

ये हमले तब हुए जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बातचीत के लिए इस्तांबुल गए हुए थे। वह पूर्वी ऑर्थोडॉक्स ईसाइयों के आध्यात्मिक गुरु एक्यूमेनिकल पैट्रिआर्क बार्थोलोम्यू से भी मुलाक़ात करेंगे।

राष्ट्रीय पुलिस ने बताया कि रूस की सीमा से सटे सुमी शहर में हुए एक हमले में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें एक 15 साल का किशोर भी शामिल है। इस हमले में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया, और घरों, कारों तथा उपयोगिता नेटवर्क को नुकसान पहुंचा। राज्य आपातकालीन सेवा ने बताया कि राजधानी कीव में हुए एक ड्रोन हमले के कारण तीन मंज़िला दफ़्तर और गोदाम वाली एक इमारत की पहली मंज़िल पर आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की कोई ख़बर नहीं है।



रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसकी सेनाओं ने यूक्रेन के सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कुछ सैन्य-औद्योगिक और ऊर्जा सुविधाओं पर "लंबी दूरी के हवाई और जमीनी सटीक हथियारों, साथ ही हमलावर ड्रोनों से हमला किया। एक अलग बयान में मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना ने रात भर में नौ रूसी क्षेत्रों, रूस में मिलाए गए क्रीमिया क्षेत्र और काला सागर के ऊपर 85 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया।

क्षेत्रीय गवर्नर यूरी स्ल्यूसर के अनुसार यूक्रेन की सीमा पर स्थित रूस के रोस्तोव क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्ल्युसर ने बताया कि इस हमले के कारण एक अज्ञात लॉजिस्टिक्स कंपनी के गोदाम में आग लग गई और तट से कई किलोमीटर दूर किसी विदेशी देश का झंडा लगे एक ड्राई-कार्गो जहाज़ पर भी आग लग गई।

गवर्नर व्याचेस्लाव फेडोरिशचेव ने बताया कि समारा क्षेत्र के शहर तोल्यात्ती में एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने कहा कि एक रिहायशी इमारत की छत को नुकसान पहुंचाऔर कई अपार्टमेंट की खिड़कियां टूट गईं।-------------------

# अमेरिका ने ईरान से अपने लापता पायलट को सुरक्षित निकाला, ट्रंप ने कहा-हमने ढूंढ़ निकाला

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक बड़े और जटिल बचाव अभियान को अंजाम देते हुए अपने लापता पायलट को ईरान की जमीन से सुरक्षित निकाल लिया। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की और इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक बताय।



### एफ-15ई जेट और अभियान की जटिलता :

यह घटना अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-15ई से जुड़ी है, जिसमें दो क्रू मेंबर सवार थे। दुर्घटना के बाद दोनों ने समय रहते इजेक्ट किया और आपसी संपर्क बनाए रखा। हालांकि एक सदस्य को जल्दी बचा लिया गया, लेकिन दूसरे की खोज चुनौतीपूर्ण रही। अंततः अमेरिकी सेना ने समन्वित अभियान के जरिए दोनों को सुरक्षित निकालने में सफलता प्राप्त की।

**लापता पायलट की खोज और ऑपरेशन:** अमेरिकी वायुसेना का लड़ाकू जेट एफ-15ई दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पायलट और वेपन सिस्टम्स ऑफिसर लापता हो गए थे। यह घटना ईरान के दक्षिणी क्षेत्र में हुई, जिसके बाद तुरंत बड़े स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। अत्याधुनिक तकनीक और खुफिया सूचनाओं की मदद से अमेरिकी सेना ने दोनों क्रू मेंबर की लोकेशन ट्रैक की।

**ट्रंप का बयान और सैन्य सफलता:** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने "इतिहास के सबसे साहसी बचाव अभियानों में से एक" को सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि दर्जनों अत्याधुनिक विमान और संसाधनों का उपयोग कर यह मिशन अंजाम दिया गया, जिससे अमेरिका की सैन्य क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता एक बार फिर साबित हुई।

**घायल अधिकारी की स्थिति** बचाए गए पायलट, जो एक वरिष्ठ कर्नल बताए जा रहे हैं, घायल हैं लेकिन उनकी स्थिति स्थिर है और वे पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान उन्हें समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, जिससे उनकी जान बच सकी। यह बचाव अभियान बेहद जोखिमपूर्ण माना जा रहा था।

# नेपाल सरकार ने पुरानी डीजल-पेट्रोल गाड़ियों को इलेक्ट्रिक में बदलने की दी अनुमति

**काठमांडू,** (हि.स.)। पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़ते आयात और पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए नेपाल सरकार ने पुरानी डीजल और पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक (विद्युतीय) वाहनों में बदलने की अनुमति देने का नीतिगत निर्णय लिया है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता एवं शिक्षामंत्री सस्मित पोखरेल ने बताया कि मंत्रिपरिषद की रविवार को हुई बैठक ने इसके लिए आवश्यक कानूनी अड़चनों को दूर करने और उचित व्यवस्था बनाने के लिए संबंधित निकायों को निर्देश देने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण और ईंधन खपत कम करने के उद्देश्य से लिया गया है। वर्तमान में पुराने ईंधन चालित वाहनों को इलेक्ट्रिक में बदलने के दौरान पंजीकरण, नवीकरण और तकनीकी मानकों से जुड़ी स्पष्ट कानूनी व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहन मालिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।



प्रवक्ता पोखरेल ने कहा कि डीज़ल और पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए आवश्यक कानूनी व्यवस्था की जाएगी। इससे एक ओर ईंधन पर निर्भरता कम होगी, तो दूसरी ओर नेपाल की नवीकरणीय ऊर्जा (बिजली) के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के इस फैसले के बाद अब पुराने वाहनों को कबाड़ में फेंकने के बजाय कम लागत में उन्हें पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकेगा।

# नेपाल पुलिस का ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप', 24 घंटे में 200 से अधिक हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**काठमांडू,** (हि.स.)।गृह मंत्रालय के निर्देश पर नेपाल पुलिस ने देशभर में व्यापक 'सर्च ऑपरेशन' शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अराजकता फैलाने वाले और आम नागरिकों को परेशान करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करना है। राजधानी काठमांडू सहित विभिन्न प्रदेशों में एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है।




**बड़े पैमाने पर गिरफ्तारी:** पुलिस नायब महानिरीक्षक अविनारायण काफ्ले के अनुसार 24 घंटे के भीतर 200 से अधिक हिस्ट्रीशीटरों को गिरफ्तार किया गया है। पहले दिन काठमांडू से 51 और कोशी प्रदेश से 18 लोगों को पकड़ा गया। इसके बाद अगले दिन विभिन्न प्रदेशों से 44 और, जबकि 5 अप्रैल को काठमांडू से 62 सहित अन्य प्रदेशों से कुल 200 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया।

**बिचौलियों और 'मोहल्ला डॉन' पर फोकस:** अभियान में विशेष रूप से बिचौलियों और 'मोहल्ला डॉन' जैसे तत्वों को निशाना बनाया गया है। ये लोग सरकारी कार्यालयों और सेवा केंद्रों में आम नागरिकों को परेशान करते हैं और अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। पुलिस का लक्ष्य ऐसे नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करना है। नेपाल गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह कार्रवाई तेज की गई है।

**सख्त संदेश और आगे की रणनीति :** प्रवक्ता काफ्ले ने स्पष्ट किया कि समाज में भय और अराजकता फैलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस सिविल ड्रेस में भी निगरानी कर रही है और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। यह अभियान आगे और सख्ती के साथ जारी रहेगा, ताकि सुशासन और कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

# नेपाल सरकार ने ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने वाली 7 हजार वेबसाइट बंद कीं

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल सरकार ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी पर रोक लगाने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। राजधानी Kathmandu स्थित Nepal Telecommunications Authority ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर अब तक 7 हजार से अधिक सट्टेबाजी से जुड़े ऐप और वेबसाइट (यूआरएल) को ब्लॉक कर दिया है। यह कार्रवाई तकनीकी समन्वय के जरिए तेज़ी से की जा रही है, ताकि अवैध प्लेटफॉर्म को पूरी तरह निष्क्रिय किया जा सके।




**सरकारी सुधार एजेंडा का प्रभाव:** मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृत 100 बिंदुओं वाले 'शासकीय सुधार' कार्यसूची के बिंदु संख्या 42 को लागू करते हुए यह कदम उठाया गया है। निर्देश के अनुसार, सट्टेबाजी से जुड़े सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म को 24 घंटे के भीतर पहचानकर बंद करने की व्यवस्था लागू की गई है। इससे सरकार का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण और कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करना है।

**शिकायतों के आधार पर कार्रवाई:** प्राधिकरण के उपनिदेशक सूर्यप्रसाद लामिछाने के अनुसार, हाल के एक सप्ताह में ईमेल, फोन और संदेशों के माध्यम से 50 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों की जांच के बाद अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क को चिन्हित कर उनके खिलाफ ब्लॉकिंग प्रक्रिया को और तेज किया गया है।

### कानूनी प्रावधान और चेतावनी

नेपाल के कानून के अनुसार ऑनलाइन सट्टेबाजी गंभीर अपराध है। अपराध संहिता की धारा 125(4) के तहत इसमें शामिल लोगों को सजा, जुर्माना और धन जब्ती का प्रावधान है। सरकार ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि ऐसे प्लेटफॉर्म का उपयोग न करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री ओली और गृहमंत्री लेखक की पुलिस रिमांड 5 दिनों के लिए बढ़ी

**काठमांडू,** (हि.स.)। काठमांडू जिला अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और गृहमंत्री रमेश लेखक की पुलिस रिमांड पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। ये चौथी बार है, जब दोनों नेताओं की रिमांड बढ़ाई गई है।




पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए 'जेन-जी' आंदोलन की जांच के सिलसिले में दोनों को 28 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। पहली बार 29 मार्च को पांच दिनों की रिमांड दी गई थी। उसके बाद दो बार दो-दो दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया था।

इन गिरफ्तारियों का आधार मंत्रिपरिषद का वह निर्णय था, जिसमें पूर्व न्यायाधीश गौरीबहादुर कार्की के नेतृत्व में गठित आयोग की सिफारिशों को लागू करने का फैसला लिया गया था। इस आयोग को 'जेन-जी' आंदोलन से जुड़े घटनाक्रमों की जांच की जिम्मेदारी दी गई थी।इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में ओली और लेखक कैंटर से जमानत याचिका भी दायर की गई और आज उस पर सुनवाई भी हुई, लेकिन बहस पूरा नहीं होने के कारण कोई फैसला नहीं हो पाया। कोर्ट ने सरकार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया, जिसके बाद सरकार की तरफ से गृह मंत्रालय ने अपना जवाब कोर्ट को सौंप दिया है।

# ऑस्ट्रिया किसी भी सैन्य टकराव का हिस्सा नहीं बनेगा : उप-चांसलर

**वियना,** (हि.स.)। ऑस्ट्रिया के उप-चांसलर आंद्रेयास बाबलेर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की "अराजक नीति" की आलोचना करते हुए कहा कि उनका देश किसी भी सैन्य टकराव का हिस्सा नहीं बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑस्ट्रिया अपनी ऐतिहासिक तटस्थता से समझौता नहीं करेगा और हवाई क्षेत्र के उपयोग पर सख्त निगरानी रखेगा।




पश्चिम एशिया में अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष तथा उत्तर अटलांटिक संधि संगठन में बढ़ते मतभेदों के बीच यह बयान अहम माना जा रहा है। बाबलेर ने कहा कि अमेरिकी सैन्य विमानों की उड़ानों की भी गहन जांच होनी चाहिए।

1955 से तटस्थ नीति अपनाने वाला ऑस्ट्रिया किसी सैन्य गठबंधन का हिस्सा नहीं है। इस बीच ट्रंप द्वारा होर्मुज़ जलडमरूमध्य की सुरक्षा के लिए नाटो सहयोगियों से सहयोग मांगने पर कई देशों ने असहमति जताई है, जिससे गठबंधन में दरार स्पष्ट हुई है।



# आईपीएल 2026 : लखनऊने दर्ज की पहली जीत, हैदराबाद को 5 विकेट से हराया।

**हैदराबाद,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 10वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की।

हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद 68 रनों की शानदार पारी की बदौलत 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। यह लखनऊ की इस सीजन की पहली जीत है, जबकि हैदराबाद को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ को मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआती चार ओवर में 33 रन जोड़े। मार्श 14 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मार्करम ने 27 गेंदों पर छह चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रनों की आकर्षक पारी खेली। मध्यक्रम में आयुष बदोनी (12), निकोलस पूरन (1) और अब्दुल समद (16) जल्दी आउट हो गए, लेकिन दूसरे छोर पर पंत डटे रहे। उन्होंने 50 गेंदों में 9 चौकों की मदद से नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

हैदराबाद की ओर से हर्ष दुबे ने दो विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और शिवांग कुमार को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले सनराइजर्स की शुरुआत खराब रही, लेकिन हेनरिच क्लासेन और नीतीश रेड्डी ने पांचवें विकेट के लिए 116 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला।क्लासेन ने 41 गेंदों पर 62 रन (5 चौके, 2 छक्के) बनाए, जबकि नीतीश रेड्डी ने 33 गेंदों पर 56 रन (3 चौके, 5 छक्के) की तेज पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। लखनऊ की ओर से मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और आवेश खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दिग्वेश राठी और मणिरमन सिद्धार्थ को एक-एक सफलता मिली।--------------

# राजस्थान की जीत के हीरो रहे बिश्नोई बोले- गेंदबाजी में सुधार के लिए की कड़ी मेहनत

**अहमदाबाद** (हि.स.)।

» **राजस्थान रॉयल्स ने 210 रन बनाकर मजबूत स्कोर खड़ा किया**

----------------

» **यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक जड़े**

----------------



अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2026 के मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को 6 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने चार विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

**बिश्नोई की फिरकी में फंसी गुजरात**: इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रवि बिश्नोई ने 4 ओवर में 41 रन देकर 4 अहम विकेट झटके। उन्होंने साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया को आउट कर गुजरात की पारी को झकझोर दिया। उनके इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**सुदर्शन की पारी, लेकिन नहीं मिली जीत**: लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरुआत अच्छी रही और साई सुदर्शन ने 73 रन बनाए। हालांकि मध्यक्रम दबाव में बिखर गया। अंत में राशिद खान (24) और कगिसो रबाडा (नाबाद 23) ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम जीत से दूर रह गई।

**आखिरी ओवर में पलटा मैच**

अंतिम ओवर में गुजरात को 11 रन चाहिए थे, लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों ने शानदार संयम दिखाते हुए सिर्फ 4 रन दिए। बिश्नोई ने मैच के बाद टीम के सामूहिक प्रयास की सराहना की और कहा कि युवा टीम आगे भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखेगी। राजस्थान रॉयल्स का अगला मुकाबला 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होगा।

**राजस्थान की मजबूत बल्लेबाजी**: पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 210 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 55 और ध्रुव जुरेल ने 75 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं वैभव रघुवंशी ने 31 रन बनाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

# बेन स्टोक्स का खिलाड़ियों को संदेश- काउंटी में प्रदर्शन से बनाएं चयन का रास्ता

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान Ben Stokes ने खिलाड़ियों से अपील की है कि वे मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए अपना दावा मजबूत करें।



**काउंटी सीजन को बताया बड़ा अवसर**: स्टोक्स ने County Championship को देशभर के खिलाड़ियों के लिए एक अहम मंच बताया। उन्होंने कहा कि यह घरेलू रेड-बॉल सीजन उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका है, जो इंग्लैंड टीम में जगह बनाना चाहते हैं। स्टोक्स के अनुसार, इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

**चोट से उबर रहे स्टोक्स, जल्द वापसी की उम्मीद**: 34 वर्षीय स्टोक्स फिलहाल चोट से उबर रहे हैं। उन्हें फरवरी में नेट प्रैक्टिस के दौरान गाल की हड्डी में चोट लगी थी, जिसके कारण वे मैदान से दूर हैं। हालांकि, उनके मई तक वापसी करने की उम्मीद है। वे काउंटी में डरहम के लिए खेलने वाले थे, लेकिन फिलहाल पुनर्वास पर ध्यान दे रहे हैं।

**न्यूजीलैंड सीरीज से पहले अहम तैयारी**: इंग्लैंड टीम जून में New Zealand national cricket team के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज खेलेगी। तीन मैचों की इस श्रृंखला का पहला मुकाबला 4 जून से Lord's Cricket Ground में होगा। स्टोक्स ने कहा कि चैंपियनशिप के शुरुआती छह-सात सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण होंगे और खिलाड़ी इसी दौरान चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत कर सकते हैं।

**इंग्लैंड के टैलेंट पूल पर जताया भरोसा**: स्टोक्स ने कहा कि इंग्लैंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे का जिक्र करते हुए बताया कि वहां इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाड़ी भी मौजूद थे, जिससे यह साफ होता है कि देश में उभरती प्रतिभाओं की संख्या काफी अधिक है। उनका मानना है कि मौजूदा समय में इंग्लैंड के पास सबसे मजबूत खिलाड़ी पूल में से एक है।

# सब जूनियर महिला हॉकी: उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र ने दर्ज की जीत

**रांची,** (हि.स.)। झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पांचवें दिन रविवार को कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। दिन भर चले मैचों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, पंजाब और महाराष्ट्र ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।



दिन की शुरुआत डिवीजन ए, पूल डी के मुकाबले से हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश ने छत्तीसगढ़ को 5-1 से हराया। कप्तान एरिका और राशि सिंह ने दो-दो गोल किए, जबकि ममता कुमारी ने एक गोल जोड़ा। इसके बाद पूल सी में मध्य प्रदेश ने मणिपुर को 6-3 से हराया, जहां नाज नौशीन ने हैट्रिक लगाकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

डिवीजन बी में उत्तराखंड ने गुजरात को 9-2 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। मीनाक्षी ने पांच गोल दागे। वहीं असम ने बंगाल को 3-2 से हराया, जिसमें एक्का ज्योश्ना ने दो गोल किए। अन्य मुकाबलों में पंजाब ने आंध्र प्रदेश को 2-0 से और महाराष्ट्र ने बिहार को 3-0 से हराकर दिन का शानदार समापन किया।

# जेम्स एंडरसन का ऐतिहासिक कारनामा : 21 साल बाद पिता और बेटे दोनों को किया आउट

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने काउंटी क्रिकेट में एक अनोखा रिकॉर्ड बनाकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने 21 साल के अंतराल में एक ही परिवार की दो पीढ़ियों—पिता और बेटे—दोनों को आउट करने का दुर्लभ कारनामा किया है। यह उपलब्धि उनके लंबे, निरंतर और सफल करियर को और भी खास बनाती है। क्रिकेट इतिहास में ऐसे उदाहरण बहुत कम देखने को मिलते हैं, जहां किसी गेंदबाज ने इतने लंबे अंतराल के बाद एक ही परिवार के दो अलग-अलग खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाया हो।



**काउंटी मैच में शानदार प्रदर्शन**: यह उपलब्धि लंकाशायर और नॉर्थैम्पटनशायर के बीच खेले जा रहे काउंटी मुकाबले के दौरान देखने को मिली। लंकाशायर की ओर से खेलते हुए एंडरसन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। उनकी शानदार गेंदबाजी के सामने नॉर्थैम्पटनशायर की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और टीम 200 रन से पहले ही 9 विकेट गंवा बैठी। पहली पारी में लंकाशायर ने 384 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल की।

**पिता और बेटे का समान शिकार:**

जेम्स एंडरसन ने वर्ष 2005 में नॉर्थैम्पटनशायर के बल्लेबाज डेविड सेल्स (David Sales) को आउट किया था। दिलचस्प बात यह है कि 21 साल बाद उन्होंने उसी टीम के लिए खेल रहे उनके बेटे जेम्स सेल्स को भी पवेलियन भेज दिया। यह संयोग और कौशल का मिश्रण है, जिसने इस घटना को क्रिकेट के इतिहास में एक यादगार क्षण बना दिया।

**उम्र के साथ अनुभव का असर**: करीब 43 वर्ष की उम्र में भी जेम्स एंडरसन का प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली बना हुआ है। उन्होंने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनकी गेंदबाजी अभी भी उतनी ही धारदार है। टेस्ट क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले एंडरसन अपनी फिटनेस, अनुशासन और अनुभव के लिए जाने जाते हैं। इस प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि अनुभव और निरंतर अभ्यास के दम पर उम्र केवल एक संख्या बनकर रह जाती है।